दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 318 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 13 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# सरकार ने 70 प्रतिशत वादे पूरे किए, कांग्रेस के 5 साल के कामों पर हमारे 2 साल के कार्य भारी : भजनलाल शर्मा



## पिछली गहलोत सरकार ने कामों को लटकाया, बजट घोषणाएं भी 73 प्रतिशत पूरी हो चुकी या प्रगति पर है

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार ने सरकार के 2 साल पूरे होने के अवसर पर मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया और इस संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने पिछले 2 साल में सरकार की ओर से किए गए कामकाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आने वाले समय में सरकार और क्या-क्या कदम उठाने जा रही है इसके बारे में भी उन्होंने खुलकर बताया मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सरकार ने पिछले 2 साल में भाजपा के संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं और बजट की घोषणाएं भी 73 प्रतिशत पूरी हो गई है या प्रगति पर हैं उन्होंने प्रभावी तरीके से जोर देकर कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 5 साल में जो कार्य किया उन कामों से ज्यादा कार्य हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में कर दिए हैं । उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने सिर्फ लोगों से वादे किए और फिर वादों को पूरा करने में उन्होंने गंभीरता नहीं दिखाई और कामों को सिर्फ लटकाए रखा इसके अलावा सरकार के लोग आपस में ही 5 साल तक लड़ते रहे और राजस्थान की जनता को भगवान के भरोसे छोड़ दिया जिसकी वजह से प्रदेश का विकास अवरुद्ध रहा लेकिन पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने पानी ,बिजली, सड़क शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, उद्योग जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए कई बड़े फैसले लिए कई बड़ी योजनाएं शुरू की तथा प्रदेश में अपराधों पर रोकथाम के भी प्रभावी प्रयास किए गए जिसकी वजह से प्रदेश में पिछली सरकार की तुलना में अपराधों में भारी कमी आई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज विधायक दल का नेता चुने जाने के दो वर्ष पूरे हो रहे हैं साथ ही आज नवाचार दिवस भी है राजस्थान को उत्कृष्ट और विकसित राज्य बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है । जनता के आशीर्वाद से केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि सरकार को अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा जनता के सामने रखना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में 392 वादों में 274 वादे पूरे हो चुके हैं या प्रगति पर हैं उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने कामों को लटकाने और रोकने का काम किया घोटाले किए और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिजली नहर सिंचाई फार्म पोंड पाइपलाइन अनुदान गौशाला सहायता तारबंदी अस्पताल पशु अस्पताल उन्नयन सड़क निर्माण सहित लगभग हर क्षेत्र में कांग्रेस से ज्यादा काम किए हैं ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी सरकार के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में सड़क निर्माण में 27000 करोड़ खर्च कर 39000 किलोमीटर सड़क बनाई मिसिंग लिंक और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाए जा रहे हैं । गरीबों के लिए कांग्रेस सरकार में काम कागजों तक सीमित था लेकिन हमारी सरकार गरीबों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर दे रही है। एनएफएसए परिवारों को जोड़ा है 47 लाख लोगों ने सब्सिडी गिव अप अभियान से खुद को हटाया है। अन्नपूर्णा योजना में 450 से 650 ग्राम भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 लाख से अधिक नई पेंशन स्वीकृत की गई है प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 7 लाख आवास स्वीकृत किए गए। 8000 गांव में 13000 स्वामित्व कार्ड जारी किए गए । युवाओं के भविष्य के लिए पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार जिम्मेदार नहीं रही। हमारी सरकार बनते ही पेपर लीक पर कार्रवाई की कई बड़े-बड़े लोगों को गिरफ्तार किया है और तमाम पेपर लीक मामलों की जांच जारी है और भी लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक 296 सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन करवाया जिसमें एक भी परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटना सामने नहीं आई सभी परीक्षाएं सफलतापूर्वक तरीके से परीक्षा केंद्र पर आयोजित की गई जिसकी वजह से प्रदेश के युवाओं की नौकरियां लग रही है सरकार जल्द ही 20000 नियुक्तियां देने जा रही है इसके अलावा 250000 युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार दिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करीब 92 000 युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है और डेढ़ लाख नौकरियां प्रक्रिया में चल रही है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सरकार हर साल युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरी देने की दिशा में कार्य कर रही है इसके अलावा निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र में भी लोगों को रोजगार मिल रहा है इसके डेवलपमेंट के माध्यम से भी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए युवा नीति भी बनाई जा रही है ।

## देशभर में 11 योजनाओं में हमारी सरकार पहले नंबर पर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान को बेस्ट स्टेट परफॉर्मर श्रेणी में पहुंचाया गया है 11 योजनाओं में राजस्थान पहले नंबर पर और पांच योजनाओं में दूसरे नंबर पर तथा जो योजनाओं में तीसरे स्थान पर देश भर में है पिछली सरकार ने फाइलों में काम को दबा दिया हमने ईआरसीपी को तेजी से जिंदगी से बढ़ाया है 26000 करोड़ के कार्य प्रगति पर है यमुना जल समझौता करके दिखाया जबकि कांग्रेस ने इसे राजनीति का विषय बना दिया था ।

## जल जीवन मिशन को कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने जल जीवन मिशन को भ्रष्टाचार का बड़ा अड्डा बना दिया था प्रदेश के लोगों को पिछली सरकार ने पानी पिलाने की बजाय खुद की जेब भरी उसी का नतीजा रहा कि इस मामले में कई बड़े लोग जेल गए पिछली सरकार के मंत्री को भी जेल जाना पड़ा उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और पिछले 2 साल में हमारी सरकार के किसी भी मंत्री और जनप्रतिनिधि के खिलाफ किसी भी तरह का कोई भ्रष्टाचार का मामला या शिकायत सामने नहीं आई क्योंकि हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से प्रदेश के लोगों की सेवा कर रही है ।

## किसान और खेती के लिए सरकार ने कई बड़े निर्णय और फैसले लिए किसानों को अब बिजली निर्माता भी बनाया जा रहा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 2 साल में प्रदेश में किसान और खेती के समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं । जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि को राजस्थान सरकार ने 9000 रुपए किया और गेहूं पर 250 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया गया है। 44000 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण किसानों को दिया गया प्रदेश के 22 जिलों में प्रदेश के 22जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है और पश्चिमी राजस्थान के किसानों को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बिजली उत्पादन में प्रेषित किया जा रहा है। जिसमें कई किसान सौर ऊर्जा का उत्पादन करने लगे हैं इसके लिए सरकार ने सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने वाले किसानों के लिए कई बड़े निर्णय और फैसले लिए उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान पूरे देश में नंबर वन है और हम बहुत जल्दी ही बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने वाले हैं जिसकी वजह से प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पशुओं के इलाज के लिए 108 की तर्ज पर सेवा शुरू की है और प्रदेश में कई जगहों पर पशु चिकित्सालय खोले गए हैं किसानों को क्रेडिट कार्ड में 5 लाख रुपए तक की सुविधा सुनिश्चित की गई है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आरोप लगाया कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार सिर्फ कागजों में ही नजर आई लेकिन हमारी सरकार ने 19.45 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण दिया है जिनमें से 12 लाख लखपति दीदी बन चुकी हैं कालीबाई और देवनारायण योजनाओं में अब तक 39000 स्कूटीयां वितरित की जा चुकी हैं मां योजना में 132 नए पैकेज जोड़े गए हैं जिससे लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है और छोटे-छोटे महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करके उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है जिसमें महिलाएं अब खुद का बिजनेस करने लगी हैं सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए गंभीर है इसके लिए पुलिस स्टेशन में महिलाओं की शिकायतों को सुनने के लिए अलग से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ।

## सरकार के 2 साल के कार्यों का लेखा-जोखा

# भजनलाल शर्मा ने 200 विकास रथों को किया रवाना

ओट्स में समारोह पूरक आयोजित हुए कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा के अलावा राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े नेता भी रहे मौजूद, प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में सरकार की ओर से किए गए कार्यों के बारे में इन विकास रथों के माध्यम से लोगों को दी जाएगी जानकारी विकास रथ में एलइडी के माध्यम से सरकार के कार्यों का किया जाएगाचित्रण, शिकायत पेटी भी की गई स्थापित





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने 2 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है इसलिए पिछले 2 साल में सरकार की ओर से किए गए कार्यों ऐतिहासिक निर्णय के बारे में प्रदेश की जनता को अवगत करवाने के लिए 200 विशेष रथ तैयार किए गए जिसमें प्रत्येक रथ में एक एलइडी स्थापित की गई है। इस एलईडी के माध्यम से प्रदेश के लोगों को सरकार के कामकाज बताए जाएंगे तथा प्रत्येक विकास रथ में एक शिकायत पेटी भी स्थापित की गई है इस शिकायत पेटी में लोगों के सुझाव शिकायत इत्यादि का संकलन किया जाएगा । शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजधानी जयपुर में ओट्स में 200 विकास रथ को एक-एक कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह विकास रथ प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में चारों तरफ घूम फिर कर लोगों को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियां के बारे में जानकारी देंगे। ओटीएस में समारोह पूर्वक आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थित दिखाई ।इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा के अलावा राज्य मंत्रिमंडल के अधिकांश सदस्य पार्टी के विधायक और पार्टी के संगठन से जुड़े नेता भी मौजूद रहे इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में अपनी सरकार के कामकाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से अपील की कि वे सरकार की उपलब्धियां और कार्यों के बारे में जन-जन को जानकारी दें और राजस्थान के प्रत्येक घर में सरकार की ओर से किए गए। कार्यों की जानकारी पहुंचाई जाए ताकि जिन लोगों को केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं है वे लोग भी सरकार की योजनाओं का फायदा उठा सके इसके अलावा लोगों को यह महसूस हो कि पिछले 2 साल में सरकार हैउनके विकास और कल्याण के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक विकास रथ की जिम्मेदारी सुनिश्चित की है इस कार्य में भाजपा के संगठन से जुड़े लोगों की भी जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है प्रदेश भाजपा की ओर से जिला प्रभारी और सह प्रभारी की नियुक्ति पिछले दिनों की गई थी इसके अलावा जिलों के प्रभारी मंत्री भी विकास रथ के मूवमेंट और इसकी गतिविधि की पूरी जानकारी पर कड़ी निगरानी रखेंगे इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी जिम्मेदारी दी गई है कहां और किस क्षेत्र में कितने बजे कितनी तारीख को विकास रथ के माध्यम से लोगों को सरकार के कामकाज बताए जाएंगे इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को नियमित रूप से पूरा कार्यक्रम तैयार करके सुव्यवस्थित तरीके से इन विकास रथ के माध्यम से सरकार की उपलब्धियां और कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी देने को कहा गया है ।

## सरकार के कार्यों के प्रचार प्रसार के लिए प्रदेश भाजपा संगठन ने भी कमर कसी

प्रदेश सरकार के 2 साल के कार्यों का जनता के बीच प्रचार प्रसार करने में प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं को प्रदेश भाजपा की ओर से जिम्मेदारी दी गई है संगठन से जुड़े नेताओं को साफ कहा गया है कि विकास रथ के संचालन में सहयोग करने के अलावा पार्टी के जिला बूथ मंडल से जुड़े नेता अब नियमित रूप से जनता के बीच रहे और उन्हें सरकार के कामकाज के बारे में विस्तार से बताएं केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों के बारे में पूरी जानकारी देने के साथ-साथ आने वाले दिनों में सरकार की ओर से और क्या-क्या विशेष कार्य किए जाएंगे इसके बारे में भी बताएं । सरकार की ओर से जो नए कानून और जो नई नीतियां बनाई गई हैं इसके बारे में भी जानकारी दी जाए जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री शर्मा खुद प्रदेश भाजपा के 20 साल तक महामंत्री रहे हैं इसलिए वह यह अच्छी तरह से जानते हैं कि जब तक इस कार्य में संगठन से जुड़े छोटे-बड़े नेताओं का पूरा समर्थन और सहयोग नहीं मिलेगा तब तक सरकार की ओर से किए गए कार्यों का ठीक तरीके से प्रचार प्रचार नहीं हो पाएगा इसलिए उन्होंने पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं से मुलाकात भी की प्रदेश के सभी संभाग के छोटे-बड़े पार्टी के नेताओं को मुख्यमंत्री आवास पर बुलाकर उन्होंने यह जताने का भी प्रयास किया कि सरकार में उनका पूरा सम्मान है और सरकार उनकी हर समस्या का समाधान भी करेगी इसी के चलते प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों की ओर से पार्टी के कार्यकर्ताओं की सुनवाई का कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है ताकि पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरे दिल से सरकार के कार्यों का प्रचार प्रसार जनता के बीच कर सके ।

## विकास रथ में शिकायत पेटी का अपना एक अलग विशेष महत्व

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यह चाहते हैं कि सरकार के कामकाज का प्रचार प्रसार होने के साथ-साथ प्रदेश के लोगों को किन-किन समस्याओं का अभी सामना करना पड़ रहा है किस किस तरह की उनकी समस्याएं हैं इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने बाकायदा विकास रथ में शिकायत पेटी स्थापित की है । प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ के भ्रमण के दौरान अगर किसी को किसी भी तरह की सरकार से प्रशासन से कोई शिकायत हो या मांग हो तो वह अपने पत्र में बकायदा अपना नाम पता लिखकर अपनी समस्या अंकित करके उस पत्र को शिकायत पेटी में डाल सकता है । इस शिकायत पेटी में आने वाली सभी शिकायतों और समस्याओं को बाकायदा जिले का कलेक्टर रोजाना देखेगा और प्रत्येक शिकायत को और समस्या को गंभीरता से लिए जाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री शर्मा ने दिए हैं । इसके अलावा विकास रथ के माध्यम से प्रदेश की भजनलाल सरकार यह भी जानना चाहती है कि पिछले 2 साल के कार्यकाल से प्रदेश की जनता कितनी खुश है कितनी संतुष्ट है और प्रदेश की जनता में सरकार के प्रति क्या माहौल बना हुआ है इस वजह से ही विकास रात में शिकायत पेटी स्थापित की गई है ।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
13 दिसम्बर, 2025


## अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित होगा कल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रतिभावान सम्मान समारोह होगा आयोजित दिनांक 14 दिसंबर को अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा, अलवर के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14/12/25 रविवार को प्रातः 10-30 बजे प्रतिभावान सम्मान समारोह स्थान श्रीसिद्धिविनायक मैरिज होम, नगली सर्किल अलवर में आयोजित होगा। अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि प्रतिभावान सम्मान समारोह में कक्षा 10th 12th, स्नातक, स्नातकोतर, इजि. आईटीआई, पॉलिटेक्निक, मे 70' या इससे ऊपर अक़ लाने वाले एवं डिग्रीः एम बी बी एस, आई आई टी, में उतीर्ण होने वाले तथा राजकीय सेवा में चयन एवं खेल-कूद में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले छात्र छात्राओं के साथ साथ जिला स्तर पर सम्मानित होने वाले राजकीय कार्मिकों को भी सम्मानित किया जायेगा।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा आज

### अलवर व खैरथल-तिजारा के 21 केन्द्रों पर होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु परीक्षा 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के निर्धारित 21 परीक्षा केन्द्रों पर एक साथ संचालित होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय खैरथल-तिजारा के प्राचार्य के.के. जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड या निवास प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। प्राचार्य ने परीक्षा को सुचारू एवं शुचितापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी अभ्यर्थियों से नियमों का पालन करने की अपील भी की है।

## शिक्षाविद महावीर शर्मा के निधन पर जताया शोक

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार मण्डावा शाखा के प्रमुख रहे शिक्षाविद्ध महावीर प्रसाद शर्मा शुक्रवार को पंचतत्त्व में विलीन हो गए। तेतरा गावं में उनके पुत्रों क्रमशः हरी शंकर, शिव शंकर, मूल शंकर,. अजय शर्मा आदि ने मुखाग्नि दी। इस दौरान सैकड़ों गायत्री साधकों व जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षक पद से सेवानिवृत होने के बाद वे धार्मिक व अध्यात्मिक सेवा में जुड़ गए। मण्डावा क्षेत्र में उन्होंने गायत्री महायज्ञ की अलख जगाई। जन सेवा के दौरान पीड़ितों की निःस्वार्थ सेवा उनकी प्राथमिकता में रहती थी। वे युगऋषि श्रीराम शर्मा आचार्य के कहने पर 1981 में स्थाई रूप से शांतिकुंज आ गए थे, तब से गायत्री परिवार से जुड गए । वे पं. श्रीराम शर्मा के साहित्य का अंग्रेजी में अनुवाद का कार्य करते थे। गायत्री परिवार के शिक्षाविद्ध भोलासिंह , धनश्याम मोकावत, सीताराम सैनी, शिक्षाविद्ध श्रीराम शर्मा, डॉ0 आरआर शर्मा , पूर्व चेयरमैन सज्जन मिश्रा, डॉ. हनुमानसिंह शेखावत, हनुमानपुरा के पूर्व सरपंच क्रमशः फूलसिंह, हरफूल सिंह, राजपाल दूलङ ताराचन्द घोटङ, प्रहलाद देवठिया, गिरधारी लाल रणवां , हरफूलसिंह गढ़वाल सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने नम आंखों से विदाई दी। अंतिम यात्रा में गायत्री परिवार के साधकों सहित परिजन, कई नागरिक, जनप्रतिनिधि व जिले भर से आए गायत्री परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

## छात्राओं को आवागमन में परेशानी, दी आंदोलन की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर की छात्राओं ने शुक्रवार को कॉलेज प्राचार्य व कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दोनों तरफ 1 किलोमीटर तक राष्ट्रीय राजमार्ग के समांतर छात्राओं का पैदल चलना मुश्किल हो गया है क्योंकि सड़क के दोनों तरफ खाई, जंगली घासफूस एवं कंटीले पौधे उगे हुए हैं। नुकीले पत्थर होने के कारण छात्राओं को हेतमसर बस स्टैंड से कॉलेज तक मुख्य सड़क मार्ग पर चलना पड़ रहा है। महाविद्यालय का मुख्य गेट खतरनाक मोड़ में आता है व प्रवेश द्वार के दाहिनी तरफ दृश्यता 30 मीटर है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज गति से वाहन गुजरते हैं तथा पिछले कुछ समय में महाविद्यालय से निकलते हुए रोड पर चलते समय अनेक छात्राएं चोटिल भी हो चुकी है। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन कॉलेज में कक्षाओं का बहिष्कार कर आंदोलन करना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वाली छात्राओं में परी, पूजा तंवर, महिमा गोदारा, रिंकू गावड़िया, खुशबू शर्मा ,कनक ऋषिका सहित चार दर्जन से अधिक छात्राओं के हस्ताक्षर है।

## जैसलमेर में सेना का ट्रक पलटाः 5 अग्निवीर घायल

**जैसलमेर(निसं.)** जैसलमेर में सेना का ट्रक पलटने से 5 अग्निवीर घायल हो गए। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, सेना का एक ट्रक शहर से आर्मी कैंट की ओर जा रहा था, तभी रेवंत सिंह की ढाणी के पास अचानक एक गाय सामने आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में ट्रक बेकाबू हो गया और सड़क पर पलट गया। सभी घायलों को जवाहिर हॉस्पिटल लाया गया जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की पड़ताल शुरू की। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार पांच अग्निवीर जवान घायल हो गए। घायल अग्निवीरों के नाम रोबिन, उदय, अरुण, प्रमोद और मांझी बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।


# सिलीसेढ़ झील को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान, रामसर साइट घोषित

### सिलीसेढ़ झील का रामसर साइट घोषित होना अलवर की साझा उपलब्धि

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के विशेष प्रयासों से रामसर कनवेंशन के तहत अलवर की प्रतिष्ठित सिलीसेढ़ झील को रामसर साइट घोषित किया गया है। रामसर स्थल के रूप में नामित होने पर सिलीसेढ झील को आर्द्रभूमि (वेटलैंड) के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता, संरक्षण प्रयासों में वृद्धि और सतत विकास तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग के अवसर मिलेंगे। यह जैव-विविधता, जल एवं जलवायु सुरक्षा तथा सतत आजीविका के लिए एक सराहनीय उपलब्धि है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने कहा कि मैं अलवर के लोगों, विशेषकर सिलीसेढ़ झील के आसपास रहने वाले सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई देता हूँ कि अलवर की इस झील को वैश्विक पहचान मिली है। यह हमारी साझा उपलब्धि है। हम इस रामसर साइट के सम्मान के साथ सिलीसेढ़ झील के आसपास पर्यटन, जैव विविधता और जल संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन, के साथ ही जलवायु सुरक्षा और सतत आजीविका सुनिश्चित करने के काम को और मज़बूती दे पायेंगे। वन राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा ने कहा है कि सिलीसेढ़ झील को रामसर साइट घोषित किया जाना प्रदेश और अलवर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। रामसर साइटों की यह वृद्धि भारत की आर्द्रभूमि के संरक्षण और प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रामसर साइटों की संख्या में वृद्धि, अमृत धरोहर जैसी पहल और वेटलैंड शहरों की मान्यता से यह स्पष्ट है कि भारत वेटलैंड्स के संरक्षण को महत्व दे रहा है।



### जैव विविधता और अनुपम प्रकृति सौन्दर्य से भरपूर है सिलीसेढ झील

आकर्षक सारसों से लेकर रंग-बिरंगे किंगफिशर्स तक यह झील पक्षी प्रेमियों के लिए स्वर्ग के समान है, जहाँ आकाश पंखों की अद्भुत दुनिया से जीवंत हो उठता है। 100 से अधिक पक्षी प्रजातियों को देखने का अवसर और सरिस्का टाइगर रिज़र्व का प्रवेश द्वार होने के कारण यह झील एक प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। 1845 में महाराजा विनय सिंह द्वारा निर्मित यह ऐतिहासिक झील अलवर को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाई गई थी, जिसका प्रमाण झील के चारों ओर बने जल-वाहिकाओं (एक्वाडक्ट्स) में मिलता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वन मंत्री यादव ने जिम्बाब्वे में जुलाई 2025 में आयोजित रामसर कॉप-15 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वेटलैंड कन्वेंशन की महासचिव डॉ. मुसोंड़ा मुंम्बा से मुलाकात कर उनके समक्ष सिलीसेढ़ झील के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को साझा करते हुए सिलीसेढ़ झील को रामसर साइट घोषित किये जाने का प्रस्ताव रखा था। 95 रामसर स्थलों के साथ भारत में अब एशिया में सबसे अधिक रामसर साइटें हो गई हैं। इससे पूर्व राजस्थान के फलौदी में खींचन और उदयपुर में मेनार को रामसर स्थल घोषित किया गया था। सिलीसेढ झील राजस्थान की 5वीं रामसर साइट के रूप में घोषित हुई है।

## जिला कलक्टर ने किया केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण



### महिला कार्मिक व महिला बंदियों के लिए पिंक टॉयलेट का बनेगा प्रस्ताव

### बंदियों से बातचीत कर मेडिकल स्टेटस की ली जानकारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने केंद्रीय कारागृह अलवर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण कर बंदियों को मिलने वाले खाने, चिकित्सा सुविधा, कैंटीन व शौचालय, ई-रजिस्टर आदि की जानकारी ली, जिस पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि कारागृह की डिस्पेंसरी, वार्ड आदि में और अधिक सुधार करने के लिए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कारागृह परिसर का निरीक्षण कर बंदियों को कराए जा रहे स्किल कार्यों का जायजा लेकर निर्देश दिये कि जेल द्वारा तैयार किए गए लकडी के हैण्डीक्राफ्ट उत्पादों को जेल द्वारा संचालित पेट्रोल पम्प पर प्रदर्शित करावे। उन्होंने पेट्रोल पम्प पर बिक्री हेतु जेल में बंदियों द्वारा तैयार की जा रही फिनाइल के कार्य की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिये कि महिला अधिकारियों, कार्मिक एवं महिला बंदियों के लिए पिंक टॉयलेट निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि कारागृह परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने बैरक में जाकर बंदियों से बातचीत कर उनके मेडिकल स्टेटस, भोजन की गुणवत्ता इत्यादि व्यवस्थाओं की जानकारी ली, जिस पर बंदियों ने कारागृह की व्यवस्था को अच्छा बताया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, केंद्रीय कारागृह के अधीक्षक शैलेन्द्र यादव, एडीएम शहर बीना महावर, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## *पहाड़ी पुलिस ने 3 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार*

***पहाड़ी** जिले में साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत पहाड़ी थाना पुलिस ने तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 3 एंड्रॉयड मोबाइल, 4 फर्जी सिमकार्ड और एक महिंद्रा थार गाड़ी जब्त की है। थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि भोजाका-झंडीपुर लिंक रोड पर कुछ लोग महिंद्रा थार गाड़ी में बैठकर ठगी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर जाहिर पुत्र मुस्ताक (निवासी कनवाडी), साहिल पुत्र जमशेद (निवासी कठोल) और तारीफ पुत्र रफीक (निवासी अमीनाबाद, बिछोर, नूंह) को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और चार फर्जी सिमकार्ड बरामद हुए। ठगी में इस्तेमाल की जा रही महिंद्रा थार गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया। पूछताछ में ठगों ने बताया कि उन्होंने यह थार गाड़ी ठगी के पैसों से ही खरीदी थी।*

## जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा एवं वन राज्यमंत्री शर्मा प्रचार रथों को करेंगे रवाना आज

### एलईडी लगे प्रचार रथ हर विधानसभा में 25 दिसम्बर तक करेंगे योजनाओं का प्रचार

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में 13 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे प्रताप ऑडिटोरियम से एलईडी लगे प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पूर्व यहीं प्रेस को ब्रिफ करेंगे तथा यही आयोजित सडक सुरक्षा अभियान के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान जिले के जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहेंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में एक प्रचार रथ राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार निर्धारित रूट चार्ट के अनुरूप करेंगे। प्रचार रथ संचालन के प्रभारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहेंगे। उपखण्ड अधिकारी विधानसभा स्तर पर नोडल अधिकारी रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण प्रचार रथ का पारम्परिक स्वागत कर प्रचार-प्रसार कार्य के लिए रवाना करेंगे। यह प्रचार रथ प्रतिदिन 5 स्थानों पर 25 दिसम्बर तक प्रचार-प्रसार करेंगे।

## मंडावा नायब तहसीलदार का तहसीलदार पद पर पदोन्नति पर किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा तहसील में कार्यरत नायब तहसीलदार मुकेश सिहाग के तहसीलदार पद पर पदोंन्नत होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को तहसील कार्यालय में तहसील, पंचायत समिति के कर्मचारियो ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि 11 दिसंबर को राजस्व मंडल विभाग ने सूची जारी कर नायब तहसीलदारो को तहसीलदार पद पर पदोन्नत किया गया था। इस अवसर पर कानूनगो गिरधारी लाल जांगिड़, राजेश सैनी,सतीश झूरिया, शिवभगवान, संदीप मोगा, प्रदीप चाहर, अंकित , विजय काला, राकेश जानू, राकेश सोनी, पटवारी ममता. शारदा, धर्मेन्द्र मीणा, नरेंद्र मीणा सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## सभी विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ राज्य सरकार के कार्यक्रमों को सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित करें: संभागीय आयुक्त

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** संभागीय आयुक्त नलिनी कठौतिया ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाए रखें। संभागीय आयुक्त शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं व अन्य विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों की ओर से दी जा रही सेवाओं की आमजन को जानकारी देकर त्वरित ढंग से कार्य कराए जाएं। उन्होंने चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग को दिव्यागों को विशिष्ट दिव्यांगता पहचान प्रमाण पत्र त्वरित गति से उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा के तहत पात्र लोगों के अधिक से अधिक नाम जोड़े जाने के लिए निर्देशित किया। संभागीय आयुक्त ने समीक्षा बैठक में राज्य, केंद्र सरकार की ओर से संचालित खाद्य सुरक्षा, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सिलिकोसिस नीति, कृषि, उद्योग सहित जिला परिषद की ठोस तरल कचरा प्रबंधन एवं मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियो को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।वउन्होंने आमजन की प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करवाने, संबंधित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करवाने सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन समय पर दिलवाने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारी को विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्यों को समय सीमा मे पूर्ण करने, महिला व बाल विकास के तहत आंगनबाडी केन्द्रों पर नियमित पोषाहार वितरण की मॉनिटरिंग करने व गुणवत्ता का ध्यान रखने, पीएचईडी के अधिकारी को पेयजल की समुचित व्यवस्था करवाने, जल जीवन के तहत चल रहे कार्यों को समय पर पूर्ण करने सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किए जा रहे कार्यक्रमों सहित राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों के बीच लाये जा रहे नवाचार अभियान के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने एवं आमजन को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करवाने का भी आश्वासन भी दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट, सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी सहित कृषि, शिक्षा, श्रम, रोजगार, पशुपालन, उद्योग सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के सच्चे, ईमानदार और समर्पित नेता हेमाराम चौधरी के चुनाव नहीं लड़ने की क्या रही वजह ?

## किसी ने रखी अपनी पगड़ी तो कोई आमरण अनशन पर बैठा फिर भी चुनाव लड़ने को राजी क्यों नहीं हुए हेमाराम, पिछले 2 साल से न मंत्री न विधायक फिर भी रोजाना गुड़ामालानी क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से कर रहे मुलाकात, करीब 45 साल से गुड़ामालानी के लोगों ने इस कदर प्यार किया कि क्षेत्र के लोग उन्हें बूढ़ा मानने को तैयार ही नहीं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पश्चिमी राजस्थान के लोकप्रिय नेताओं की सूची में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हेमाराम चौधरी अग्रिम पंक्ति में है करीब पांच दशक से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं इस दौरान कांग्रेस पार्टी में कई बड़े उलट फेर हुए दिल्ली और राजस्थान दोनों ही जगह कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी तौर पर बड़े-बड़े महासंग्राम भी हुए लेकिन हेमाराम चौधरी हमेशा कांग्रेस के समर्पित और सच्चे सिपाही की तरह मोर्चे पर कड़ी नजर आए इंदिरा गांधी के जमाने से लेकर अब तक एक क्षण भी ऐसा नहीं आया जब इस नेता के दिल में कांग्रेस पार्टी के प्रति नफरत का भाव पैदा हुआ हो भले ही राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के कई बार इन्हें इनके अनुभव और बुद्धि कौशल के आधार पर पार्टी ने जिम्मेदारी नहीं दी हो लेकिन फिर भी हमेशा पार्टी के प्रति वफादार रहे कुछ अवसर ऐसे भी आए जब इन्होंने पार्टी में खुद को अपमानित समझा लेकिन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और पार्टी की अंदरुनी आत्मा से दिल से जुड़े रहे और कभी भी किसी अन्य पार्टी में शामिल होने का विचार तक अपने मन में नहीं आने दिया इसीलिए गुड़ामालानी विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिमी राजस्थान के कांग्रेसियों के दिलों में अब तक अपना अलग मुकाम बनाए हुए हैं राजनीतिक विश्लेषक इन्हें पश्चिमी राजस्थान के सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेता मानते हैं इनकी जमीनी पकड़ और ईमानदारी से कार्य करने की इन की प्रवृत्ति ने इन्हें राजनेता नहीं बल्कि जन नेता के रूप में प्रसिद्धि मिली हुई है बाड़मेर की गुड़ामालानी विधानसभा सीट से 1980 में पहली बार कांग्रेस पार्टी के विधायक के रूप में राजस्थान विधानसभा में पहुंचे और अब तक सात बार राजस्थान विधानसभा के सदस्य रहे हालांकि एक बार इन्हें पराजय का सामना भी करना पड़ा बड़ी बात यह है कि इन्होंने हर बार गुड़ामालानी विधानसभा सीट से ही चुनाव लड़ा जाहिर सी बात है अगर कोई नेता एक ही सीट से सात बार चुनाव जीता है तो फिर यह भी मानना ही पड़ेगा कि वह उस उस क्षेत्र के लोगों के दिलों का राजा है कुछ इसी तरह का अटूट प्यार का रिश्ता हेमाराम चौधरी और गुड़ामालानी क्षेत्र के लोगों के बीच कई सालों से अब तक बना हुआ है यही वजह है कि पिछले 2 साल से हेमाराम चौधरी ना तो विधायक हैं और ना ही मंत्री सांसद फिर भी रोजाना अपने पुराने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करते हुए नजर आते हैं लोगों के सुख-दुख में शामिल होते हैं क्षेत्र की समस्याओं को ठीक उसी तरह से अब भी भाजपा सरकार के समक्ष रख रहे हैं जैसे पहले राजस्थान विधानसभा का सदस्य रहने के दौरान रखा करते थे



### हेमाराम चौधरी सचिन पायलट के फैंस नहीं बल्कि सचिन पायलट हेमाराम चौधरी के फैंस हैं

राजनीतिक हलकों में माना जाता है कि हेमाराम चौधरी सचिन पायलट के फैंस हैं क्योंकि चौधरी कई बार प्रदेश में युवाओं को ज्यादा अवसर देने की वकालत कर चुके हैं सचिन पायलट के पक्ष में भी डटकर खड़े रहे इसलिए चौधरी को सचिन पायलट का काफी नजदीकी माना जाता है जबकि हकीकत यह है कि सचिन पायलट खुद हेमाराम चौधरी की पर्सनालिटी से काफी प्रभावित हैं उम्र के लिहाज से दोनों में काफी अंतर है एक तरह से पायलट चौधरी के बेटे के समान हैं लेकिन चौधरी यह मानते हैं कि सचिन पायलट राजस्थान के शासन की बागडोर संभालने की पूरी क्षमता रखते हैं और अपने पिता की कुशल राजनेता के सभी गुण रखते हैं हालांकि पायलट का हेमाराम चौधरी से संपर्क और जुड़ाव राजस्थान कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के बाद ही हुआ इससे पहले दोनों के बिल्कुल भी कॉन्ट्रैक्ट नहीं था लेकिन हेमाराम चौधरी का सहज सरल व्यवहार लंबा पॉलिटिकल अनुभव उनकी जमीनी पकड़ और लोगों से गहरा जुड़ाव इसके अलावा उनकी ईमानदारी तथा कांग्रेस के प्रति उनकी गहरी निष्ठा से पायलट चौधरी से काफी इंप्रेस हुए पायलट को भी अपने साथ एक ऐसे नेता की जरूरत थी जो राजनीति के अलावा अन्य सभी क्षेत्रों में भरपूर जानकारी रखता हो इसमें उन्हें अपने सामने सिर्फ हेमाराम चौधरी का ही चेहरा नजर आया इसलिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर पायलट चौधरी से सलाह लेने में भी परहेज नहीं करते पायलट और चौधरी के बीच पॉलिटिकल और पर्सनल दोनों ही रिश्ते इतनी मजबूत हो चुके हैं कि दोनों खुद को एक दूसरे का पूरा सम्मान करते हैं और जरूरत पड़ने पर एक दूसरे के लिए खड़े भी नजर आए

### अधिक आयु होने और युवा ब्रिगेड को मौका देने की बात कहकर चुनाव नहीं लड़ा

: वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से काफी पहले ही हेमाराम चौधरी ने खुले में यह संकेत दे दिए थे कि वह अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे चुनाव नहीं लड़ने की बात उन्होंने राजस्थान कांग्रेस के संगठन से जुड़े नेताओं को भी बता दी थी और अपने निर्वाचन क्षेत्र में भी विभिन्न सरकारी और सामाजिक कार्यक्रमों में मंच से खुले तौर पर अपनी अधिक आयु होने और युवाओं को मौका देने की बात कह कर चुनाव नहीं लड़ने के अपनी इच्छा प्रकट करते रहे हालांकि 2018 के विधानसभा चुनाव में भी इन्होंने इसी तरह की इच्छा प्रकट की थी लेकिन उस समय क्षेत्र के हर जाति और बिरादरी के लोगों ने जोरदार तरीके से दबाव बनाकर इन्हें चुनाव लड़ने को राजी कर लिया था इस बार भी कई दिनों तक हेमाराम चौधरी को चुनाव लड़ने के लिए विभिन्न जाति और बिरादरी के बड़े-बड़े संगठनों की ओर से इन्हें चुनाव लड़ने के लिए राजी करने का प्रयास किया गया इसके लिए हजारों की संख्या में लोगों ने सामूहिक सभा का कई बार आयोजन किया धरने दिए और क्षेत्र के लोग भूख हड़ताल पर भी बैठे लेकिन अंततः हेमाराम चौधरी ने अपने क्षेत्र के लोगों से यही कहा कि लंबे समय से मैं आपकी हर बात मानता रहा हूं तो आपको भी एक बार मेरी बात माननी ही पड़ेगी अब मौका है युवाओं को आगे लाने का इसलिए मेरी आयु मुझे चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दे रही लेकिन लोग यह मानने को बिल्कुल ही तैयार नहीं थे कि हेमाराम चौधरी बूढ़े हो गए हैं लोग पत्रकारों से भी बातचीत के दौरान यही कहते थे कि वह तो हमसे ज्यादा दौड़ धूप कहते हैं हमसे ज्यादा जवान दिखते हैं कहां से बूढ़े हो गए यह लोगों का उनके प्रति अटूट प्यार और विश्वास ही बना हुआ था कि वह गुड़ामालानी से उन्हें एक बार और विधायक बनना चाहते थे लेकिन इस बार हेमाराम चौधरी ने चुनाव नहीं लड़ने का पूरा मन बना लिया था इसीलिए उन्होंने अपने समर्थकों की सामूहिक मीटिंग में भी हाथ जोड़कर एक बार अपनी बात मनवाने में समर्थकों से सफल हो गए और उन्होंने चुनाव लड़ा भी नहीं बाद में इस सीट पर कांग्रेस पार्टी की ओर से कर्नल सोनाराम को टिकट दिया गया लेकिन भाजपा प्रत्याशी के के बिश्नोई से चुनाव हार गए इस तरह से इस सीट पर 2013 के बाद भारतीय जनता पार्टी को सफलता मिली ।

### हरीश चौधरी और हेमाराम चौधरी दोनों के बीच बहुत अच्छी अंडरस्टैंडिंग

हेमाराम चौधरी और हरीश चौधरी दोनों ही पश्चिमी राजस्थान के प्रमुख जाट नेता माने जाते हैं और दोनों नेताओं की बाड़मेर, जैसलमेर क्षेत्र में जोरदार पकड़ है पिछले कुछ सालों से हरीश चौधरी और हेमाराम चौधरी दोनों के बीच राजनीतिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं दोनों के बीच किसी भी तरह की आपस में अब ना कोई प्रति स्पर्धा है और ना ही आपस में मनमुटाव है दोनों एक दूसरे का काफी आदर और सम्मान करते हैं और दोनों ही अपने पारिवारिक कार्यक्रमों में एक दूसरे के यहां परिवार की तरह शामिल होते हैं बाड़मेर में पीजी कॉलेज के सामने अपने बेटे वीरेंद्र की याद में हेमाराम चौधरी ने अपनी करोड़ों रुपए की जमीन डोनेट करके उस पर हर जाति और बिरादरी के लोगों के लिए एक हॉस्टल का निर्माण करवाया इस हॉस्टल के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सचिन पायलट के अलावा हरीश चौधरी ने भी अपनी उपस्थिति दिखाई और अपने भाषण में हरीश चौधरी ने हेमाराम चौधरी की खूब प्रशंसा भी की हेमाराम चौधरी भी हरीश चौधरी की हर जगह प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं इसके अलावा समय-समय पर इन दोनों नेताओं के बीच आपस में मुलाकात होती रहती है दोनों नेता एक दूसरे से व्यक्तिगत और परिवार के बारे में भी हाल-चाल पूछते रहते हैं दोनों नेताओं के बीच बहुत ही मजबूत अंडरस्टैंडिंग बनी हुई है हरीश चौधरी वर्तमान में मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हैं इससे पहले पंजाब के प्रभारी थे हरीश चौधरी पूर्व में बाड़मेर ,जैसलमेर से सांसद भी रह चुके हैं जरूरत होने पर दोनों नेता एक दूसरे की पॉलिटिकल ही नहीं बल्कि हर तरह से मदद करते हैं इसलिए पश्चिमी राजस्थान के इन दोनों जाट कांग्रेस नेताओं के बीच आपस में जो मजबूत दोस्ती का रिश्ता चल पड़ा है वह राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना रहता है



### छह बार विधायक रहे चौधरी ने गुड़ामालानी में किए ऐतिहासिक विकास कार्य

हेमाराम चौधरी 1980 में पहली बार गुड़ामालानी से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर विधायक बने इसके बाद 1985 1998 2003 2008 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और चुनाव जीते हालांकि 2013 के विधानसभा चुनाव में इन्हें पराजय का सामना भी करना पड़ा यह उनकी जीवन में पहले पॉलिटिकल चुनावी पराजय थी इसके अलावा हर बार इन्होंने गुड़ामालानी से ही भारी मतों के अंतर से चुनाव जीत हासिल की वजह यही थी कि अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए ईमानदारी और समर्पित भाव से कार्य किया जितना पैसा विकास कार्य के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार से स्वीकृत होता था पूरा पैसा विकास कार्यों में ही खर्च होने दिया अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के एक-एक पैसे का पूरा हिसाब रखते थे कोई मध्यस्थ बीच में विकास कार्यों का पैसा डकार ना जाए इस पर पूरी खुद पहनी नजर रखते थे उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक तौर पर सड़कों का निर्माण करवाया छोटे-छोटे गांव तक सड़क पहुंचाई धोरीमना और गुडा मालानी में सरकारी अस्पताल की स्थापना और फिर इन अस्पतालों का समुचित विकास और विस्तार क्षेत्र में जरूरत के हिसाब स`कॉलेज और स्कूलों की स्थापना करवाई क्षेत्र में यातायात की सुविधाओं का जबरदस्त तरीके से विस्तार करवाया पानी की परियोजनाओं के लिए भी बेहतर तरीके से कार्य किया जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है सड़क चिकित्सा शिक्षा ग्रामीण विकास पानी, बिजली कानून व्यवस्था हर क्षेत्र में व्यापक तौर पर काम करवाएं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार रहने के दौरान भी इन्होंने अपने क्षेत्र में व्यापक तौर पर विकास कार्य करवाए क्योंकि विरोधी दल के नेता भी इनकी पर्सनैलिटी और उनकी ईमानदारी से हमेशा प्रभावित रहे और इनका अब भी पूरा सम्मान करते हैं इसलिए प्रदेश में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो इन्होंने गुड़ामालानी क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। वर्ष 2008 में गहलोत सरकार में राज्य मंत्री रहने के दौरान भी अपने क्षेत्र में खूब विकास कार्य करवाए हालांकि 2018 से 2023 के बीच में पार्टी में चल रहे उठा पटक के कारण अपनी इच्छा के मुताबिक विकास कार्य नहीं करवाए लेकिन इससे पहले इन्होंने अपने क्षेत्र में इतने विकास कार्य करवा दिए थे जिसकी वजह से लोग इन्हें अपने क्षेत्र का जननायक मानने लगे इसीलिए जब उन्होंने 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया तो लोग इन्हें मनाने के लिए भूख हड़ताल और धरने पर बैठ गए ।

## हेमाराम चौधरी का दिल क्यों टूटा ?

जानकार लोगों का कहना है कि हेमाराम चौधरी शारीरिक और मानसिक रूप से काफी मजबूत राजनेता है बिना किसी लाग लपेट के सत्य बात बोलने में बिल्कुल भी नहीं डरते चाहे राजस्थान विधानसभा हो या फिर पार्टी का मंच हो या सार्वजनिक सभा हो सही को सही और गलत को गलत सही को सही और गलत को गलत कहने वाले राजनेता माने जाते हैं राजनीति के जानकार लोगों का भी मानना है कि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच के कालखंड में उन्हें काफी परेशानी दुख और चुनौतियों का सामना करना पड़ा वर्ष 2015 में इनके पुत्र वीरेंद्र चौधरी का निधन होना इनके जीवन में एक बहुत बड़ा आघात था एक पिता के सामने एक जवान बेटे की मौत किसी भी पत्थर दिल मजबूत इंसान को भी तोड़ कर रख देती है लेकिन इसके बावजूद भी हेमाराम चौधरी अंदर से तो काफी दुखी रहे लेकिन अपने बेटे का गम बाहरी तौर पर जाहिर नहीं होने दिया हालांकि हेमाराम चौधरी ने पार्टी की गुटबाजी को कभी भी अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से उनके राजनीतिक रिश्ते ठीक-ठाक थे पर 2008 में जब प्रदेश में गहलोत की सरकार थी उस समय गहलोत सरकार के मंत्रिमंडल में भी शामिल रहे लेकिन लोगों का कहना है कि जब हेमाराम चौधरी के पुत्र का निधन हुआ उस समय अशोक गहलोत शोक सभा में नहीं आए जिसकी वजह से हेमाराम चौधरी के दिल को काफी कष्ट पहुंचा दूसरी तरफ सचिन पायलट उस समय राजस्थान कांग्रेस के नए-नए अध्यक्ष बने थे उन्होंने इस दुख की घड़ी में हेमाराम चौधरी के साथ काफी समय बिताया जिसकी वजह से चौधरी सचिन पायलट के इस व्यवहार को देखकर काफी प्रभावित हुए और उनका सचिन पायलट से पॉलीटिकल कनेक्शन ही नहीं बल्कि पर्सनल कनेक्शन भी मजबूती से जुड़ गया जो अब तक बना हुआ है एक तरफ पुत्र के निधन पर गहलोत का शोक सभा में नहीं आना दूसरा वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में गहलोत ने अपने मंत्रिमंडल में भी चौधरी को शामिल नहीं किया जबकि हर कोई यह मानकर चल रहा था कि चौधरी की वरिष्ठता अनुभव और ईमानदारी उन्हें गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा तो दिलवाएगी ही लेकिन कैबिनेट मंत्री तो दूर की बात गहलोत ने उन्हें राज्य मंत्री बनाना भी मुनासिब नहीं समझा चौधरी के गहलोत मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होने की खबर से हर कोई हैरान था खासतौर से गुड़ामालानी की जनता को पूरा विश्वास था कि इस बार अशोक गहलोत उनके निर्वाचन क्षेत्र के विधायक को जरूर कैबिनेट मंत्री बनाएंगे लेकिन चौधरी को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया इसके पीछे कारण यह बताया गया कि जोधपुर संभाग से तत्कालीन बायतु विधायक हरीश चौधरी को कैबिनेट मंत्री बना दिया गया है फिर एक ही जिले से दो जनों को मंत्री बनाने से विरोधाभास की स्थिति पैदा हो सकती है बात चाहे कुछ भी हो लेकिन गहलोत और हेमाराम चौधरी के बीच लगातार राजनीतिक दूरियां बढ़ती रही बाद में जब सचिन पायलट मानेसर होटल में अपने समर्थक विधायकों के साथ अपनी कुछ डिमांड को लेकर चले गए थे उस समय चौधरी सचिन पायलट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और खुलकर पायलट की पैरवी की और बाद में जब कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार से गहलोत और पायलट के बीच आपस में समझौता हो गया था उसके बाद सचिन पायलट के कहने पर गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री भी बनाया गया और इन्हें वन विभाग की जिम्मेदारी दी गई लेकिन मंत्री नहीं बनने से पहले राजस्थान विधानसभा में जब भी सदन की बैठक होती थी हेमाराम चौधरी सदन में यही कहते रहे कि अगर किसी को मेरे से दुश्मनी है तो मेरे तक ही दुश्मनी को सीमित रखें मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के साथ और क्षेत्र के विकास के साथ ना इंसाफी नहीं करें हेमाराम चौधरी को अपनी ही पार्टी की सरकार के साथ सदन में हमेशा यही शिकायत रही की उनके क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है उनसे जो दुश्मनी रखते हैं वह दुश्मनी उनके क्षेत्र के विकास कार्यों पर भारी पड़ रही है इसलिए हेमाराम चौधरी को मन ही मन काफी पीड़ा महसूस होती रही जब अपनी ही सरकार में उनके क्षेत्र के विकास कार्यों को गति नहीं मिल रही थी तो उन्हें ऐसा लगता था कि उन्हें विधायक रहने का कोई अधिकार नहीं है इसीलिए वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले कई बार मंच से खुले में उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2018 की विधानसभा चुनाव में जो वादे उन्होंने जनता से किए थे वह वादे अपने ही पार्टी की सरकार होने के बावजूद भी पूरा नहीं कर पाए तो उन्हें अब दोबारा से चुनाव लड़ने का कोई अधिकार भी नहीं है किसी नए युवा नेता को चुनाव लड़ना चाहिए द्य चौधरी के निकट के लोगों का...

### लोकसभा चुनाव में उम्मेदाराम की जीत में भी निभाई बड़ी भूमिका

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम की जीत को सुनिश्चित करने में हरीश चौधरी और हेमाराम चौधरी की बहुत बड़ी भूमिका रही हरीश चौधरी की वजह से ही उम्मेदाराम को कांग्रेस पार्टी का टिकट मिला इससे पहले उमेदाराम बेनीवाल राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी में थे इससे पहले बेनीवाल हरीश चौधरी के खिलाफ ही चुनाव लड़ चुके थे इसके अलावा हेमाराम चौधरी को भी पराजित करने के लिए बेनीवाल ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में हरीश चौधरी के प्रयासों से ही उम्मेदाराम बेनीवाल को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता मिली और फिर इन्हें बाड़मेर से टिकट भी दिलवाया और टिकट दिलवाने के बाद बेनीवाल की जीत को सुनिश्चित करने में हरीश चौधरी और हेमाराम चौधरी दोनों ने काफी दौड़ धूप की मेहनत की अगर यह दोनों नेता चुनाव प्रचार की बागडोर अपने हाथ में नहीं लेते तो शायद बेनीवाल यह चुनाव नहीं जीत पाए इन दोनों नेताओं की मेहनत और इन दोनों नेताओं की क्षेत्र के कांग्रेस जनों में गजब की पकड़ और आमजन में लोकप्रिय होने की वजह से ही बेनीवाल की जीत के रास्ते आसान बने क्योंकि हेमाराम चौधरी चुनाव प्रचार में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों को यही शिक्षा देते रहे की बेनीवाल को कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया है और हरीश चौधरी की वजह से ही बेनीवाल को टिकट मिला है इसलिए अब हम सबको पिछली घटनाओं को भूलना होगा और सिर्फ कांग्रेस पार्टी के सिंबल को सामने देखकर बेनीवाल को वोट करना होगा क्योंकि हम कांग्रेस पार्टी के सच्चे सफाई और सच्चे कार्यकर्ता हैं इस तरह की अपील हेमाराम चौधरी की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान हर जगह की गई उसी का परिणाम रहा की बेनीवाल यहां से चुनाव जीत पाए जबकि इस बार इस लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला था गजब की कांटे की टक्कर थी लेकिन यह हरीश चौधरी और हेमाराम चौधरी की मेहनत और चुनाव मैनेजमेंट का ही परिणाम रहा कि बेनीवाल यहां से चुनाव जीत गए

### बाड़मेर में करोड़ों की जमीन युवाओं के हितों के लिए दान की

हेमाराम चौधरी के एक बेटा और एक बेटी थी । बेटे वीरेंद्र चौधरी का 2015 में निधन हुआ बेटे के निधन से इन्हें गहरा आघात भी लगा लेकिन क्षेत्र के लोगों से मिल रहे अपार प्यार और क्षेत्र में युवाओं के करियर को दिशा और गति देने के अपने दृढ़ संकल्प से खुद को इस दुख की घड़ी में भी चट्टान की तरह मजबूत रखा और अपने बेटे की याद में बाड़मेर में करोड़ों रुपए कीमत की खुद की जमीन डोनेट करके वहां पर हर जाति और बिरादरी के लोगों के लिए एक बड़े हॉस्टल का निर्माण करवाया । चौधरी ने यह हॉस्टल उन युवाओं के लिए बनवाया है जो विभिन्न सरकारी भर्ती परीक्षाओं और हाई प्रोफाइल एग्जाम की तैयारी में जुटे हुए हैं वह युवा यहां रहकर अपने करियर को गति देने के प्रयास में पढ़ाई करते हैं इन युवाओं में ही चौधरी अपने बेटे वीरेंद्र को देखकर खुद के दिल को तसल्ली दे रहे हैं।वैसे भी चौधरी काफी जिंदा दिल इंसान माने जाते हैं और अपने इस लंबे पॉलिटिकल जीवन में उन्होंने अपने क्षेत्र के हर दुखी इंसान की काफी मदद की है जो भी इनके पास आया कभी भी चौधरी के घर से निराश नहीं लौटा वैसे भी चौधरी चाहे कोई बुलाए या नहीं बुलाए हर जाति और बिरादरी के लोगों के यहां कोई व्यक्तिगत और सामाजिक कार्यक्रम होता है तो वहां जाते हैं चाहे खुशी का मौका हो या फिर गम का समय हर किसी के यहां परिवार में सुख दुख में खुद की उपस्थिति जरूर दर्शाते हैं यह उनका अपने क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति गहरा अटैचमेंट था जिसके दम पर वह बार-बार राजस्थान विधानसभा के सदस्य चुने गए ।



## सम्पादकीय

### ट्रेड डील पर समानता आधारित समझौते की अपेक्षा



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के संबंध में कुछ सकारात्मक संकेत सामने आ रहे हैं, लेकिन इस बीच कुछ आशंकाएं भी जताई जा रही हैं कि क्या इस बातचीत में परस्पर समानता पर आधारित हित सुनिश्चित होने और एक संतुलित समझौते की राह साफ होगी। गौरतलब है कि प्रस्तावित व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की कोशिश के तहत अमेरिकी दल वार्ता के लिए भारत में है। इसी बीच अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर ने कहा कि व्यापार समझौते के संदर्भ में भारत की ओर से 'अब तक के सबसे अच्छे प्रस्ताव' मिले हैं। माना जा रहा है कि इस बयान का उद्देश्य अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए शुल्क से उपजे गतिरोध को दूर करने की कोशिश करना है। इसकी वजह यह है कि एकतरफा और मनमानी शुल्क नीति के जरिए दबाव बनाने की कोशिश के समांतर व्यापार समझौते के लिए वार्ता में सकारात्मक नतीजों की उम्मीद नहीं की जा सकती। फिर व्यापार वार्ता में गतिरोध की एक मुख्य वजह ही अमेरिका की नई शुल्क नीति रही है। इसलिए यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर अमेरिका के रुख में कितना बदलाव आ पाता है। दरअसल, व्यापार वार्ता के सकारात्मक दिशा में बढ़ने के मद्देनजर जारी कोशिशों के तहत ही भारत और अमेरिका के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते का सवाल अब एक मुख्य बिंदु है। इससे पहले अमेरिका का रवैया आमतौर पर यही सामने आ रहा था कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो, लेकिन उसकी शर्तों पर। इसी क्रम में उसने शुल्क लगाने के फैसले को दबाव के एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया। उसकी यह मंशा अधूरी रही, क्योंकि नुकसान की तमाम आशंकाओं के बावजूद भारत ने इस मसले पर अपना स्वतंत्र रुख बरकरार रखा। इसके बावजूद, यह हकीकत है कि अमेरिका के शुल्क लगाने से उपजी परिस्थिति अंतरराष्ट्रीय व्यापार परिदृश्य पर विपरीत प्रभाव तो डाल ही रही थी। भारत के सामने भी कुछ चुनौतियां खड़ी होने की आशंका बनी रहीं। इसलिए भारत ने थोड़ा व्यावहारिक नीति पर आगे बढ़ते हुए अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने में रुचि दिखाई है, लेकिन इसके पीछे समानता आधारित समझौते की अपेक्षा भी है। अमेरिकी शुल्कों में कटौती, भारतीय उत्पादों के अमेरिकी बाजार में आसान प्रवेश, रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी, दवा और सेमीकंडक्टर उद्योग आदि व्यापार वार्ता के मुख्य मुद्दों में शामिल हो सकते हैं।

## जामताड़ा अब इतिहासः साइबर ठगी का नया अड्डा आपके आसपास



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत', बड़वानी (मप्र)

**ग्रामीण भारत में साइबर ठगी का चेहरा अब पूरी तरह बदल चुका है। मप्र के बड़वानी जिले के घटवा गांव की हालिया घटना ग्रामीण भारत में साइबर ठगी के बदलते चेहरे का ताजा उदाहरण है। यह गांव ठीकरी तहसील में स्थित है, जो सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में आता है। यहां के दो युवकों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया, जो कथित रूप से साइबर फ्रॉड नेटवर्क में शामिल थे। इनके अपराध केवल स्थानीय नहीं थे; इनके झांसे में आए पीड़ितों का प्रभाव दिल्ली और अन्य बड़े शहरों तक फैला था। मध्यप्रदेश में 2021 से 2025 तक साइबर ठगी के मामलों का आंकड़ा 1,000 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है, जबकि रिकवरी रेट केवल 0.2' है। बड़वानी जिले में हाल ही में 82,000 रुपये की ठगी का मामला सामने आया था, जिसमें ठग ने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर पीड़ित को डराया। साइबर ठगी अब शहरों से बाहर निकलकर गांवों में भी फैल चुकी है।**

साइबर अपराध अब किसी शहर या जिले तक सीमित नहीं रहा। कभी झारखंड का जामताड़ा साइबर ठगी का पर्याय बन चुका था। वहां से निकलने वाली फिशिंग कॉल्स, फर्जी निवेश योजनाओं और बैंक डिटेल्स चुराने के मामलों की खबरें पूरे देश में चर्चा का विषय बनती थीं। लेकिन आज यह खतरा केवल बड़े शहरों या साइबर हब तक सीमित नहीं रहा। ग्रामीण भारत में भी इसका दायरा तेजी से बढ़ गया है। हाल ही में मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के छोटे से घटवा गांव से दो युवकों की गिरफ्तारी ने यह सच फिर साबित कर दिया कि साइबर ठगी अब शहरों और बड़े कस्बों तक सीमित नहीं है। दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए ये युवक कथित रूप से बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क का हिस्सा थे। यह घटना न केवल स्थानीय स्तर पर चिंता का विषय है, बल्कि पूरे देश में साइबर अपराध के विकेंद्रीकरण का भी संकेत देती है।

जामताड़ा, जो कभी साइबर फ्रॉड का हब माना जाता था, अब पांचवें स्थान पर खिसक चुका है। पहले यहां युवा लोगों को लुभाकर बैंक डिटेल्स मांगते, फर्जी निवेश योजनाओं या लॉटरी जीत का झांसा देकर ठगते थे। लेकिन अब यह प्रवृत्ति बदल गई है। उत्तरी भारत के छोटे कस्बे और जिले, जैसे हरियाणा का मेवात, राजस्थान के भारतपुर और मथुरा, बिहार के गोपालगंज, झारखंड के देवघर और धनबाद, अब साइबर ठगी के नए हब बन गए हैं। यहां तक कि आईटी और कॉरपोरेट हब गुरुग्राम में भी यह अपराध तेजी से फैल रहा है।

ये नए हब जामताड़ा मॉडल की तरह काम करते हैं। युवा समूह बनाकर, फर्जी ऐप्स, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को लुभाते हैं। कई बार वे गरीबी और बेरोजगारी का फायदा उठाकर युवाओं को ठगी के नेटवर्क में शामिल कर लेते हैं। देवघर जिले में फर्जी कॉल सेंटर्स की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और यह जामताड़ा को पीछे छोड़ चुका है। अब ग्रामीण क्षेत्र भी इस जाल में फंस रहे हैं, जहां कई लोग अपने स्मार्टफोन और इंटरनेट का उपयोग करके आसानी से अपराध में शामिल हो जाते हैं।

ग्रामीण भारत में साइबर ठगी का चेहरा अब पूरी तरह बदल चुका है। मप्र के बड़वानी जिले के घटवा गांव की हालिया घटना ग्रामीण भारत में साइबर ठगी के बदलते चेहरे का ताजा उदाहरण है। यह गांव ठीकरी तहसील में स्थित है, जो सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में आता है। यहां के दो युवकों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया, जो कथित रूप से साइबर फ्रॉड नेटवर्क में शामिल थे। इनके अपराध केवल स्थानीय नहीं थे; इनके झांसे में आए पीड़ितों का प्रभाव दिल्ली और अन्य बड़े शहरों तक फैला था। मध्यप्रदेश में 2021 से 2025 तक साइबर ठगी के



मामलों का आंकड़ा 1,000 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है, जबकि रिकवरी रेट केवल 0.2' है। बड़वानी जिले में हाल ही में 82,000 रुपये की ठगी का मामला सामने आया था, जिसमें ठग ने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर पीड़ित को डराया।

साइबर ठगी अब शहरों से बाहर निकलकर गांवों में भी फैल चुकी है। ग्रामीण युवा स्मार्टफोन और इंटरनेट के जरिए इसमें आसानी से शामिल हो रहे हैं, लेकिन कानूनी जागरूकता की कमी उन्हें गंभीर जोखिम में डाल रही है। दिल्ली पुलिस की कार्रवाई में यह भी सामने आया कि कई नेटवर्क विदेशों तक फैले हुए हैं, जैसे म्यांमार, जहां युवाओं को फ्रॉड नेटवर्क में ट्रैफिक किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया की सफलता ने इंटरनेट को हर कोने तक पहुंचा दिया, लेकिन साइबर सुरक्षा शिक्षा पीछे रह गई। ई-कॉमर्स, डिजिटल वॉलेट्स और क्रिप्टो जैसी नई तकनीक ने ठगों को नए अवसर दिए। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में साइबर क्राइम में 31.2' की वृद्धि हुई। बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में 17,000 से अधिक मामले दर्ज हुए, लेकिन छोटे कस्बे जैसे भरतपुर और नूह अब शीर्ष स्थान पर हैं।

साइबर ठगी के प्रभाव अब केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहे। लाखों लोग अपनी मेहनत की कमाई खो रहे हैं, उनके सपने, भविष्य और आर्थिक सुरक्षा खतरे में हैं। नए स्कैम्स, जैसे 'डिजिटल अरेस्ट', अब लोगों को घर पर 'अरेस्ट' दिखाकर डराने की तकनीक इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे मानसिक तनाव और सामाजिक कलंक बढ़ रहा है। यह केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं है, बल्कि समाज और देश की आर्थिक और सामाजिक संरचना पर भी गंभीर असर डाल रहा है।

समाधान की दिशा में पुलिस सक्रिय हो रही है। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में 800 से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया और कई फर्जी कॉल सेंटर्स को बंद किया। लेकिन यह केवल शुरुआत है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में जागरूकता की बेहद आवश्यकता है। सरकार को साइबर सुरक्षा शिक्षा और प्रशिक्षण को व्यापक स्तर पर लागू करना होगा, कड़े कानून बनाने होंगे, और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना होगा ताकि अपराधियों की जड़ें कमजोर हों। सकारात्मक पहल के रूप में, इंश्योरेंस कंपनियां अब साइबर फ्रॉड कवर देने लगी हैं, जो पीड़ितों के लिए राहत और सुरक्षा का जरिया बन सकता है।

मप्र के बड़वानी जिले के घटवा गांव की घटना एक गंभीर चेतावनी है, साइबर ठगी अब जामताड़ा की मोनोपॉली नहीं रही। यह पूरे देश में फैल चुकी है, और अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह एक महामारी का रूप ले सकती है। इस जाल से बाहर निकलने का केवल एक ही रास्ता है – व्यापक जागरूकता, साइबर शिक्षा और वैकल्पिक रोजगार के अवसर प्रदान करना। डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहना अब हर नागरिक की जिम्मेदारी बन गई है। जामताड़ा अब इतिहास बन चुका है, और साइबर ठगी का नया ठिकाना अब आपका अपना गांव है। यदि हम अभी नहीं चेते, तो बहुत देर हो जाएगी, और कीमत हमारी सुरक्षा और भविष्य को चुकानी पड़ेगी।

## आज भारतीय लाइब्रेरियन कई तरह के डिजिटल दक्षताओं के बिना आगे नहीं बढ़ सकता



डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत प्रिंसिपल मलोट पंजाब

**इसलिए आज के लाइब्रेरियन के पास डिजिटल रिपॉजिटरी मैनेजमेंट, डेटा माइग्रेशन, मेटा डेटा स्कीम और क्लाउड आधारित लाइब्रेरी सिस्टम, जिनमें कौशल होना आवश्यक है। ऐसे ज्ञान से लैस पेशेवरों की मांग विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थानों, शोध केंद्रों और कार्पोरेट सेक्टर में बहुत तेजी से बढ़ी है। आधुनिक लाइब्रेरी अब आईएलएस (इंटीग्रेटेड लाइब्रेरी सिस्टम) आरएफआईडी, एआई आधारित सर्च सिस्टम और ऑटोमेटिक कैटलॉगिंग का उपयोग करती है। इस बदलाव के कारण लाइब्रेरियन अब केवल रिकॉर्ड दर्ज करने वाले व्यक्तिभर नहीं हैं बल्कि एआई फ्रेंडली, नॉलेज आर्किटेक्ट बन गये हैं। आज की दुनिया में इनका काम नये-नये आयाम हासिल कर चुका है। मसलन- ऑटोमेशन सिस्टम सेटअप करना, डेटा की सटीकता और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना, उपयोगकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग गाइडेंस देना**

लाइब्रेरियन अब सिर्फ पुस्तकों के संरक्षक नहीं उनका पेशा अब आधुनिक टेक संचालित हो चुका है। ई-रिसोर्सेज़ की उपलब्धता, ऑनलाइन जर्नल की सदस्यता और ई-गवर्नेंस ने उसकी भूमिका स्मार्ट और वर्सेटाइल बना दी। वह अब स्कूल, कॉलेज तक सीमित नहीं बल्कि कंपनियों के नॉलेज मैनेजमेंट सिस्टम में लाइब्रेरियन की डिजिटल दक्षता, डेटा इंडेक्सिंग, कंटेंट क्यूरेशन, डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट आदि काम आती हैं। एक समय था, जब लाइब्रेरियन का काम केवल किताबों की अलमारियों में किताबों को व्यवस्थित रखना, कैटलॉग तैयार करना और पाठकों को आवश्यक पुस्तक तक पहुंचानाभर समझा जाता था। लेकिन पिछले एक दशक में भारत में जो डिजिटल क्रांति हुई है, उसके चलते अब लाइब्रेरियनशिप एक पारंपरिक सेवा से बदलकर अत्यंत आधुनिक, टेक संचालित और रणनीतिक कैरियर बन चुका है। आज लाइब्रेरियन सिर्फ पुस्तकों के संरक्षक नहीं बल्कि डिजिटल नॉलेज मैनेजर हैं। इन्हें डाटा क्यूरेटर, लर्निंग टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट और इंफार्मेशन नेविगेटर भी कह सकते हैं। वास्तव में भारत सरकार की राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी पहल ने विश्वविद्यालयों में ई-रिसोर्सेज़ की उपलब्धता, ऑनलाइन जर्नल की सदस्यता और ई-गवर्नेंस ने लाइब्रेरियन की भूमिका को पहले से कहीं ज्यादा स्मार्ट और वर्सेटाइल बना दिया है। लाइब्रेरियन केवल भौतिक पुस्तकों को ही नहीं बल्कि ई-बुक, ई-जर्नल, डेटा बेस, ओपन सोर्स रिपॉजिटरी, डिजिटल आर्काइव्स आदि का भी संचालन करता है। इसलिए आज के लाइब्रेरियन के पास डिजिटल रिपॉजिटरी मैनेजमेंट, डेटा माइग्रेशन, मेटा डेटा स्कीम और क्लाउड आधारित लाइब्रेरी सिस्टम, जिनमें कौशल होना आवश्यक है। ऐसे ज्ञान से लैस पेशेवरों की मांग विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थानों, शोध केंद्रों और कार्पोरेट सेक्टर में बहुत तेजी से बढ़ी है। आधुनिक लाइब्रेरी अब आईएलएस (इंटीग्रेटेड लाइब्रेरी सिस्टम) आरएफआईडी, एआई आधारित सर्च सिस्टम और ऑटोमेटिक कैटलॉगिंग का उपयोग करती है। इस बदलाव के कारण लाइब्रेरियन अब केवल रिकॉर्ड दर्ज करने वाले व्यक्तिभर नहीं हैं बल्कि एआई फ्रेंडली, नॉलेज आर्किटेक्ट बन गये हैं। आज की दुनिया में इनका काम नये-नये आयाम हासिल कर चुका है। मसलन- ऑटोमेशन सिस्टम सेटअप करना, डेटा की सटीकता और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना, उपयोगकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग गाइडेंस देना, खोज परिणामों को बेहतर बनाने के लिए एआई टूल्स के पैरामीटर्स को समझना, इन तमाम तकनीकों ने लाइब्रेरियन के कार्यक्षेत्र को बढ़ाया है।

### डिजिटल स्किल्स ने खोले नये रोजगार क्षेत्र

डिजिटल कुशल लाइब्रेरियन अब केवल स्कूल, कॉलेज तक सीमित नहीं बल्कि कई कंपनियां अब नॉलेज मैनेजमेंट सिस्टम चलाती हैं। यहां लाइब्रेरियन डिजिटल दक्षता, डेटा इंडेक्सिंग, कंटेंट क्यूरेशन, डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट आदि बहुत काम आती हैं। लाइब्रेरियन आज ई-लर्निंग कंटेंट स्पेशलिस्ट बन चुके हैं। वो ऑनलाइन शिक्षा, एलएमएस प्लेटफॉर्म आदि के बढ़ने से कंटेंट टैगिंग,डिजिटल लर्निंग रिसोर्सेस की मैपिंग और यूजर बिहेवियर एनालिसिस आदि का भी काम करते हैं। आजकल लाइब्रेरियन को डिजिटल आर्किविस्ट भी कहा जाता है। ये अखबारों, सरकारी दफ्तरों और संग्रहालयों आदि में महत्वपूर्ण दस्तावेजों को डिजिटाइज करने का काम करते हैं। यहां लाइब्रेरियन की मेटा डेटा और डॉक्यूमेंट पिजर्वेशन स्कीम काम आती है। रिसर्च डेटा मैनेजर जैसी पोस्ट भी आजकल लाइब्रेरियन को मिल रही हैं, जिससे वो शोध संस्थानों में डेटा संग्रह, वर्गीकरण, सांख्यिकीय दस्तावेजों को सुरक्षित रखना और ओपन एक्सेस नीतियों का पालन कराते हैं। नई शिक्षा नीति 2020 के बाद उच्च शिक्षा संस्थानों में लाइब्रेरियन छात्रों को डिजिटल साक्षरता, रिसर्च मेथ्डोलॉजी, प्लेजरिज्म अवेयरनेस और डेटा बेस नेविगेशन जैसे विषयों पर मुख्य मार्गदर्शक बनकर उभरे हैं। ये परिवर्तन लाइब्रेरियन को शिक्षा व्यवस्था का सक्रिय सहयोगी बनाते हैं। इससे लाइब्रेरियन की प्रतिष्ठा और भूमिका दोनों मजबूत हुई हैं। डिजिटल इंडिया और स्मार्ट लाइब्रेरी के इस नये युग में स्मार्ट सिटी मिशन, डिजिटल ग्राम लाइब्रेरी आदि के बढ़ने से लाइब्रेरियन के रोजगार में क्षेत्रीय विस्तार हुआ है। ग्रामीण और शहरी दोनों स्तरों पर लाइब्रेरियन का रूप बदल गया है। आईटी आधारित, सेल्फ चेक इन/आउट स्टेशन, क्लाउड कैटलॉग और मोबाइल ऐप-बेस्ड लाइब्रेरी सेवाएं- ये सब डिजिटल दक्षता की वजह से संभव हुआ है। आज भारतीय लाइब्रेरियन कई तरह के डिजिटल दक्षताओं के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। मसलन कोहा, डी-स्पेस, ई-ग्रंथालय जैसे सॉफ्टवेयर का उपयोग करता है। मसलन -मेटा डेटा की विशेषज्ञता, डिजिटल प्रिजर्वेशन, वेब डिजाइन की समझ, साइबर सुरक्षा और गोपनीयता व कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम का संचालन। ये कुशलताएं आज लाइब्रेरियन में होनी ही चाहिए। लाइब्रेरियन का वेतन भी अब पहले से बेहतर हुआ है। सरकारी विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षण संस्थान 45 हजार से 1 लाख 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देते हैं। कारपोरेट सेक्टर में यह 60 हजार से 1 लाख 50 हजार रुपये प्रतिमाह हो सकता है। डिजिटल आर्किविस्ट/कंटेंट क्यूरेटर को 40 हजार से 1 लाख रुपये प्रतिमाह और रिसर्च डेटा मैनेजर को 70 से 1 लाख 40 हजार रुपये तक का प्रतिमाह वेतन आसानी से मिल जाता है। इस तरह डिजिटल तकनीक ने लाइब्रेरियन का प्रोफेशन विकसित, प्रतिष्ठित और बहुआयामी बना दिया है।

## आत्मनिर्भर बनने का सही रास्ता

बीते दिनों जब दक्षिण कोरिया के बुसान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से भेंट की थी तो उन्होंने इस भेंट को जी-2 का नाम दिया था। यानी उन्होंने एक तरह से मान लिया कि अमेरिका के बाद चीन दूसरी विश्व महाशक्ति बन चुका है, जिसे रोकना अब उसके वश की बात नहीं है और सोवियत संघ के विघटन के बाद एकध्रुवीय विश्व अब फिर से द्विध्रुवीय है। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप चीन को सबक सिखाने की बातें किया करते थे, पर अब उनके सुर पूरी तरह बदल चुके हैं।



वैसे ट्रंप इस वार्ता से पहले ही चीनी उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना को एक साल के लिए स्थगित कर चुके थे। फिलहाल चीनी उत्पादों पर अमेरिका 47 प्रतिशत का ही टैरिफ लगा रहा है। भारत जिसके साथ सामरिक साझेदारी को अमेरिकी नेता पिछले दो दशक से 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय साझेदारी बताते नहीं थकते, उसके उत्पादों पर 50 प्रतिशत का टैरिफ है, जबकि अमेरिका अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी देश चीन पर उससे कम टैरिफ लगा रहा है।

ट्रंप से जब ताइवान पर चीनी हमले के खतरे के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह जब होगा, तब देखेंगे। ट्रंप ने यह नहीं कहा कि वे ट्रेड डील का भय दिखाकर ताइवान को चीनी हमले से बचा लेंगे। इससे उलट ट्रंप हर तीन-चार दिन में भारत को लज्जित करने के लिए आपरेशन सिंदूर रुकवाने का झूठा दावा यह कहकर करते हैं कि उन्होंने व्यापारिक समझौता न करने का भय दिखाकर संभावित परमाणु युद्ध रुकवा दिया। रूस से कच्चा तेल भारत और चीन, दोनों ही आयात कर रहे हैं, पर ट्रंप प्रशासन हाथ धोकर भारत के ही पीछे पड़ा है। इस सबसे समझा जा सकता है कि चीन के सामने नतमस्तक अमेरिकी शासन तंत्र ने अब यह ठाना है कि अगर चीन विश्व की दूसरी महाशक्ति बन ही गया है और उसे रोकना उसके वश की बात नहीं रही है तो कम से कम भारत और रूस का उभार तो रोका ही जाए।

चीन की इस मजबूत स्थिति के पीछे उसकी सामरिक रूप से महत्वपूर्ण तकनीक के अनुसंधान और उत्पादन में पहल करने की दशकों की नीति रही है। चीनी रणनीतिकारों ने ऐसे सेक्टरों और तकनीकी उत्पादों को चिह्नित किया, जिनके माध्यम से अमेरिका और विश्व को अपने ऊपर निर्भर बनाया जा सके। परिणामस्वरूप चीन आज ऐसे कई उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को नियंत्रित करता है और उनके माध्यम से उसने ट्रंप के टैरिफ युद्ध का मुंहतोड़ जवाब दिया है। ट्रंप ने चीन के उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी तो उसने अमेरिका को रेयर अर्थ मैगनेट्स की आपूर्ति रोक दी, जिससे अमेरिका का उद्योग जगत परेशान हो उठा और ट्रंप को टैरिफ लगाने की अपनी योजना को स्थगित करना पड़ा। दुर्लभ भूगर्भीय खनिज आज अंतरिक्ष यानों, रक्षा उपकरणों, इलेक्ट्रिक कारों से लेकर हेडफोन बनाने के लिए आवश्यक हैं और ये आवश्यक होंगी, यह चीन बहुत पहले पहचान चुका था।

चीन ने 1960 के दशक में ही इन दुर्लभ खनिजों के बारे में जानने-समझने के लिए अपने लोगों को अमेरिका भेजना प्रारंभ कर दिया था। 1970 के दशक में चीनी सरकार ने इन खनिजों का औद्योगिक उत्पादन प्रारंभ कराया और 1980 के दशक में दुर्लभ खनिजों से जुड़े उद्योगों को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेक्टर का दर्जा दे दिया। जिसके चलते इस सेक्टर को चीन में सरकारी सब्सिडी और निवेश मिलने लगा। इसका प्रभाव यह हुआ कि 1990 के दशक में ही चीन ने दुर्लभ खनिज उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया। आज चीन विश्व के 85 प्रतिशत दुर्लभ खनिज शोध उद्योग को नियंत्रित करता है।

ऐसे कई क्षेत्र हैं जिनमें अमेरिका और यूरोप आज चीन पर निर्भर हैं। चीन आज विश्व के 60 प्रतिशत सेमीकंडक्टर चिप्स, 75 प्रतिशत लिथियम बैटरियां, 80 प्रतिशत सोलर पैनल, 95 प्रतिशत पोलिसिलिकान वैफर बनाता है। भविष्य की क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए आवश्यक 60 प्रतिशत घटक चीन ने अभी से बनाने शुरू कर दिए हैं। इसलिए ट्रंप चीन के सामने नतमस्तक हैं। अमेरिका चीन पर प्रतिबंध लगा सकता है तो चीन भी जवाब में अमेरिका को ऐसी वस्तुओं का निर्यात रोक सकता है, जिनके चलते अमेरिका की अर्थव्यवस्था डूब सकती है। इसकी तुलना में भारत के पास ऐसा क्या है, जो अमेरिका से सौदेबाजी के लिए उपयोग किया जा सके? हमने ऐसे कौन से सामरिक उद्योग विकसित किए हैं, जो विश्व को हम पर निर्भर बनाते हों?

## मेरा दुश्मन

वह इस समय दूसरे कमरे में बेहोश पड़ा है। आज मैंने उसकी शराब में कोई चीज़ मिला दी थी कि ख़ाली शराब वह शरबत की तरह गट-गट पी जाता है और उस पर कोई ख़ास असर नहीं होता। आँखों में लाल डोरे-से झूलने लगते हैं, माथे की शिकनें पसीने में भीगकर दमक उठती हैं, होंठों का ज़हर और उजागर हो जाता है, और बस–होश-ओ-हवास बदस्तूर क़ायम रहते हैं। हैरान हूँ कि यह तरकीब मुझे पहले कभी क्यों नहीं सूझी। शायद सूझी भी हो, और मैंने कुछ सोचकर इसे दबा दिया हो। मैं हमेशा कुछ-न-कुछ सोचकर कई बातों को दबा जाता हूँ। आज भी मुझे अंदेशा तो था कि वह पहले ही घूँट में ज़ायक़ा पहचान कर मेरी चोरी पकड़ लेगा। लेकिन गिलास ख़त्म होते-होते उसकी आँखें बुझने लगी थीं और मेरा हौसला बढ़ गया था। जी में आया था कि उसी क्षण उसकी गरदन मरोड़ दूँ, लेकिन फिर नतीजों की कल्पना से दिल दहलकर रह गया था। मैं समझता हूँ कि हर बुज़दिल आदमी की कल्पना बहुत तेज़ होती है, हमेशा उसे हर ख़तरे से बचा ले जाती है। फिर भी हिम्मत बाँधकर मैंने एक बार सीधे उसकी ओर देखा ज़रूर था। इतना भी क्या कम है कि साधारण हालात में मेरी निगाहें सहमी हुई-सी उसके सामने इधर-उधर फड़फड़ाती रहती हैं। साधारण हालात में मेरी स्थिति उसके सामने बहुत असाधारण रहती है।

ख़ैर, अब उसकी आँखें बंद हो चुकी थीं और सर झूल रहा था। एक ओर लुढ़ककर गिर जाने से पहले उसकी बाँहें दो लदी हुई ढीली टहनियों की सुस्त-सी उठान के साथ मेरी ओर उठ आई थीं। उसे इस तरह लाचार देखकर भ्रम हुआ था कि वह दम तोड़ रहा है।

लेकिन मैं जानता हूँ कि वह मूज़ी किसी भी क्षण उछलकर खड़ा हो सकता है। होश सँभालने पर वह कुछ कहेगा नहीं। उसकी ताक़त उसकी ख़ामोशी में है। बातें वह उस ज़माने में भी बहुत कम किया करता था, लेकिन अब तो जैसे बिलकुल गूँगा हो गया हो। उसकी गूँगी अवहेलना की कल्पना-मात्र से मुझे दहशत हो रही है। कहा न, कि मैं एक बुज़दिल इंसान हूँ। वैसे मैं न जाने कैसे समझ बैठा था कि इतने अर्से की अलहदगी के बाद अब मैं उसके आतंक से पूरी तरह आज़ाद हो चुका हूँ। इसी खुशफ़हमी में शायद उस रोज़ उसे मैं अपने साथ ले आया था। शायद मन में कहीं उस पर रोब गाँठने, उसे नीचा दिखाने की दुराशा भी रही हो। हो सकता है कि मैंने सोचा हो कि वह मेरी जीती-जागती ख़ूबसूरत बीवी, चहकते-मटकते तंदुरुस्त बच्चों और आरास्ता-पैरास्ता आलीशान कोठी को देखकर ख़ुद ही मैदान छोड़कर भाग जाएगा और हमेशा के लिए मुझे उससे निजात मिल जाएगी। शायद मैं उस पर यह साबित कर दिखाना चाहता था कि उससे पीछा छुड़ा लेने के बाद किस खुशगवार हद तक मैंने अपनी ज़िंदगी को सँभाल-सँवार लिया है। लेकिन ये सब लँगड़े बहाने हैं। हक़ीक़त शायद यह है कि उस रोज़ मैं उसे अपने साथ नहीं लाया था, बल्कि वह खुद ही मेरे साथ चला आया था, जैसे मैं उसे नहीं बल्कि वह मुझे नीचा दिखाना चाहता हो। ज़ाहिर है कि उस समय यह बारीक बात मेरी समझ में नहीं आई होगी। मौक़े पर ठीक बात मैं कभी नहीं सोच पाता। यही तो मुसीबत है। वैसे मुसीबतें और भी बहुत हैं, लेकिन उन सबका ज़िक्र यहाँ बेकार होगा। ख़ैर, माला के सामने उस रोज़ मैंने इसी क़िस्म की कोई लँगड़ी सफ़ाई पेश करने की कोशिश की थी और उस पर कोई असर नहीं हुआ था। वह उसे देखते ही बिफर उठी थी। सबसे पहले अपनी बेवक़ूफ़ी और सारी स्थिति का एहसास शायद मुझे उसी क्षण हुआ था। मुझे उस कमबख़्त से वहीं घर से दूर, उस सड़क के किनारे किसी-न-किसी तरह निपट लेना चाहिए था। अगर अपनी उस सहमी हुई ख़ामोशी को तोड़कर मैंने अपनी तमाम मजबूरियाँ उसके सामने रख दी होतीं, माला का एक ख़ाका-सा खींच दिया होता, साफ़-साफ़ उससे कह दिया होता–देखो गुरु, मुझ पर दया करो और मेरा पीछा छोड़ दो–तो शायद वहीं हम किसी समझौते पर पहुँच जाते। और नहीं तो वह मुझे कुछ मोहलत तो दे ही देता। छूटते ही दो मोरचों को एक साथ सँभालने की दिक़्क़त तो पेश न आती। कुछ भी हो, मुझे उसे अपने घर नहीं लाना चाहिए था। लेकिन अब यह सारी समझदारी बेकार थी। माला और वह एक-दूसरे को यूँ घूर रहे थे जैसे दो पुराने और जानी दुश्मन हों। एक क्षण के लिए मैं यह सोचकर आश्वस्त हुआ था कि माला सारी स्थिति खुद सँभाल लेगी और फिर दूसरे ही क्षण मैं माला की लानत-मलामत की कल्पना कर सहम गया था। बात को मज़ाक में घोल देने की कोशिश में मैंने एक ख़ास गिलगिले लहज़े में–जो मेरे पास ऐसे नाज़ुक मौक़ों के लिए सुरक्षित रहता है–कहा था, डार्लिंग, ज़रा रास्ता तो छोड़ो, कि हम बहुत लंबी सैर से लौटे हैं, ज़रा बैठ जाएँ तो जो सज़ा जी में आए, दे देना।

वह रास्ते से तो हट गई थी, लेकिन उसके तनाव में कोई कमी नहीं हुई थी, और न ही उसने मुझे बैठने दिया था। साथ ही उस मुरदार ने मेरी तरफ़ यूँ देखा था जैसे कह रहा हो–तो तुम वाक़ई इस औरत के ग़ुलाम बनकर रह गए हो। और खुद मैं उन दोनों की तरफ़ यूँ देख रहा था जैसे एक की नज़र बचाकर दूसरे से कोई साज़िशी संबंध पैदा कर लेने की ख़्वाहिश हो।

फिर माला ने मौक़ा पाते ही मुझे अलग ले जाकर डाँटना-डपटना शुरू कर दिया था–मैं पूछती हूँ कि यह तुम किस आवारागर्द को पकड़कर साथ ले आए हो? ज़रूर कोई तुम्हारा पुराना दोस्त होगा? है न? इत्ते बरस शादी को हो चले लेकिन तुम अभी तक वैसे-के-वैसे ही रहे। मेरे बच्चे उसे देखकर क्या कहेंगे? पड़ोसी क्या सोचेंगे? अब कुछ बोलोगे भी?

मैं हैरान था कि क्या बोलूँ! माला के सामने मैं बोलता कम हूँ, ज़्यादा समय तोलने में ही बीत जाता है और उसका मिजाज़ और बिगड़ जाता है। वैसे उसका ग़ुस्सा बजा था। उसका ग़ुस्सा हमेशा बजा होता है। हमारी कामयाब शादी की बुनियाद भी इसी पर क़ायम है–उसकी हर बात हमेशा सही होती है और मैं अपनी हर ग़लती को चुपचाप और फ़ौरन क़बूल कर लेता हूँ। ऊपर से वह कुछ भी क्यों न कहे, उसे मेरी फ़रमाँ-बरदारी पर पूरा भरोसा है। बीच-बीच में महज़ मुझे खुश कर देने के ख़याल से वह इस क़िस्म की शिकायतें ज़रूर कर दिया करती है–तुम्हें न जाने हर मामूली-से-मामूली बात पर मेरे ख़िलाफ़ डट जाने में क्या मज़ा आता है? मानती हूँ कि तुम मुझसे कहीं ज़्यादा समझदार हो, लेकिन कभी-कभी मेरी बात रखने के लिए ही सही...वग़ैरा-वग़ैरा।

मुझे उसके ये झूठे उलाहने बहुत पसंद हैं, गो मैं उनसे ज़्यादा खुश नहीं हो पाता। फिर भी वह समझती है कि इनसे मेरा भ्रम बना रहता है और मैं जानता हूँ कि बाग़डोर उसी के हाथ में रहती है और यह ठीक ही है।

तो माला दाँत पीसकर कह रही थी–अब कुछ बोलोगे भी? मेरे बच्चे पार्क से लौटकर इस मनहूस आदमी को बैठक में बैठा देखेंगे, तो क्या कहेंगे? उन पर क्या असर होगा? उफ़, इतना गंदा आदमी! सारा घर महक रहा है। बताओ न, मैं अपने बच्चों से क्या कहूँगी?

अब ज़ाहिर है कि माला को कुछ भी नहीं बता सकता था। सो मैं सर झुकाए खड़ा रहा और वह मुँह उठाए बहुत देर तक बरसती रही।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा राजस्थानः अविनाश गहलोत

**सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री, प्रभारी मंत्री चूरू आए**

**प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 'बढ़ता राजस्थान– हमारा राजस्थान' थीम आधारित विकास रथों को दिखाई हरी झंडी,**





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत शुक्रवार को चूरू आए और जिला परिषद परिसर से प्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 'बढ़ता राजस्थान– हमारा राजस्थान' थीम आधारित विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ने दो वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यह विकास रथ जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर प्रदेश सरकार की नीतियों, उपलब्धियों व गतिविधियों का प्रचार–प्रसार करेंगे और आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक करेंगे। इन विकास रथों में सुझाव पेटिका भी रखी गई है। आमजन विकास कार्यों, नीतियों संबंधित नीतियों अपने मूल्यवान सुझाव इसमें दे सकते हैं। प्रदेश सरकार इन सुझावों पर अमल कर विशेष प्रयास करेगी। उन्होंने कहा? कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में हमारी सरकार गरीब, युवा, महिला व किसान वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न जनभागीदारी के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आमजन इन कार्यक्रमों में अधिकाधिक भागीदारी निभाएं तथा हम सब मिलकर विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करें। इस मौके पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा, महेन्द्र न्यौल, दीपचंद राहड़, एसीईओ भागचंद खारिया, सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ आरजी सेपट, ओम सारस्वत, भास्कर शर्मा, दीनदयाल सैनी, डॉ कौशल पूनिया, सुरेश सारस्वत, सीपी शर्मा, विमला गढ़वाल, नरेन्द्र काछवाल, दौलत तंवर, मोहन गढ़वाल, रचना कोठारी, दिनेश शर्मा, नरेन्द्र सैनी, बलबीर ढाका, धर्मेन्द्र राकसिया, अख्तर खान, मुरारी सैनी, सुरेश मिश्रा, आकाश सैनी, रवि दाधीच, महेश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

## सरकार के दो वर्ष के उपलब्धि-सूत्र बताएः

विकास रथों को हरी झंडी दिखाने के बाद जिला परिषद सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दो वर्षों में सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, रोज़गार, आधारभूत ढांचे और महिलाओं–बच्चों के कल्याण सहित विभिन्न क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के 02 वर्ष सुशासन, विकास और विश्वास के 02 वर्ष हैं। पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशील प्रशासन सरकार की पहचान रही है तथा आगे भी इसी मंत्र पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने संकल्प पत्र को नीतिगत दस्तावेज बनाकर दो वर्षों में ही 70 प्रतिशत से अधिक वादों को पूरा किया है। हमारे सं?कल्प पत्र में कुल 392 संकल्प शामिल थे, जिनमें से 274 संकल्प पूर्ण या प्रगतिरत हैं। हमने 73 प्रतिशत बजट घोषणाओं को पूरा करने का काम किया है। राजस्थान 11 राष्ट्रीय परियोजनाओं में प्रथम, 05 योजनाओं में द्वितीय व 09 योजनाओं में तृतीय स्थान पर है। हमारी सरकार ने योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता तक सीधा लाभ सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया, शासन–प्रशासन और आमजन सामूहिक भागीदारी से विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करेंगे। मीडिया विश्लेषण के साथ प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखे और प्रचार –प्रसार कर समाज के प्रत्येक वर्ग तक बात पहुंचाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यमुना जल समझौते के माध्यम से शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का पानी लाने का ?काम किया है। एलाइनमेंट पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चूरू में राइजिंग राजस्थान के 93 एमओयू में 59 की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। चूरू में कृषि महाविद्यालय खोला गया है। इसके साथ ही सभी योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग से समुचित लाभ जिलेवासियों को दिया जा रहा है। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने चूरू विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के बारे में चर्चा की। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि विकास रथों के सफल संचालन के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है। सभी उपखंड अधिकारियों व विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में रथों के स्वागत, जनजागरूकता कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों को समयबद्ध और सुचारू ढंग से संपादित करेंगे।

## जिला अध्यक्ष मनोज मेघवाल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** पुराना बस स्टैंड स्थित नगर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज मेघवाल का नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव की अध्यक्षता में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने मेघवाल को माला पहनाकर और साफा पहनाकर सम्मानित किया। मेघवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही संगठन की असली ताकत है। उन्होंने 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली रैली में बीदासर सहित पूरे क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड़, वरिष्ठ नेता भागीरथ प्रसाद गुरु, मालचंद दर्जी, नानूराम प्रजापत, रमेश माली, बाबूलाल किलानिया, रामपाल पांडेया, पवन पारीक, महावीर छापोला, परमेश्वर मारोठिया, भंवरनाथ सिद्ध, आरिफ साईं, रमेश स्वामी, साहिल सोलंकी, पूर्व पार्षद धर्मचंद लोहिया, मांगीलाल जांगिड़ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मण्डावा में प्रतिभावान बेटियों का सम्मान आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे की समाजसेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति की ओर से नानीबाई जैपुरिया राजकीय बालिका उमावि, मण्डावा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजन का किया गया जिसमें करीब 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अव्वल रही टॉप टेन प्रतिभावान छात्रा क्रमशः कंचन, प्रियंका सैनी, तनवी, हेमलता, मोनू मारवाल, समीरा, अनिता, नायला, गजाला व नंदिनी सैनी का शनिवार को सुबह सवा 11 बजे नानीबाई जैपुरिया राजकीय बालिका उमावि, मण्डावा में प्रायोजक श्री गांधी जन कल्याण समिति की ओर से सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम प्रभारी सूर्यप्रकाश लाहोरा ने दी।

## कौशल प्रशिक्षण के लिए दर-दर भटक रहे हैं नौजवान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के बेरोजगार युवक युवतियों से राजस्थान की लोकप्रिय सरकार की योजनाओं की जानकारी पूछी तो बेरोजगार युवक युवतियों का दर्द छलक उठा। उन्होंने बताया कि धौलपुर सीमावर्ती जिला है धौलपुर में औद्योगिक कारखानों की कमी है, जिसके अभाव में हम लोग सरकार द्वारा युवक युवतियों के लिए कौशल प्रशिक्षण जैसी योजना का लाभ हम लोग लेकर ग्वालियर नोएडा और गुरुग्राम जैसी जगह पर रोजगार से जुड़ जाते है। मगर पिछले कुछ समय से हम जब जब भी जिला कौशल विकास के कार्यालय जानकारी के लिए जाते है तो कार्यालय बंद ही मिलता है। जब वहां के अधिकारी से फोन पर बात करते है तो उनका एक ही जबाव मिलता है मेरी जानकारी में नहीं है। योजनाओं की जानकारी चाहिए तो जयपुर जाओ। हमने जयपुर के कार्यालय का भी पता पूछा जिससे हम सब लोग मिलकर एक दिन वहीं से जानकारी प्राप्त कर आएंगे मगर उन्होंने फोन काट दिया। हम दीन दयाल उपाध्याय योजना में कौशल प्रशिक्षण लेना चाहते है जिससे हमको हरियाणा बावल और नोएडा में रोजगार मिल सके और अपने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान कर सकें और अपने भविष्य को सरकार की योजना से संवार सकें। कुछ युवकों ने बताया कि हम लोग ऑफिस जाते है तो अधिकारी मिलते नहीं, फोन भी नहीं उठाते इसलिए मजबूरन हमने सरकार की हेल्पलाइन पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई है।

## सांभरलेक बार संघ के नागू अध्यक्ष, भहड़ा बने सचिव



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** अभिभाषक संघ सांभरलेक के चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर गिरीश चंद नागू ने उमाशंकर व्यास को 11 मतों से हराया। नागू को 56 मत मिले जबकि व्यास को 45 मतों से ही संतोष करना पड़ा। सचिव पद पर प्रेमचंद भहड़ा ने निशांत शर्मा को 30 मतों से हराया। प्रेमचंद को 65 मत मिले जबकि निशांत को 35 मत ही मिले। उपाध्यक्ष पद पर अहसान उल हक ने गोपीचंद कुमावत को 15 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर रवि वर्मा, सह सचिव पद पर रमेश कुमावत, पुस्तकालय सचिव पद पर नवनीत पारीक और सांस्कृतिक सचिव पद पर राहुल शर्मा चुने गए।

## राठौड़ अध्यक्ष व आर्य बने अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को जिला अभिभाषक संघ के चुनाव सम्पन्न हुए। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए महेश प्रताप सिंह राठौड़ ने अपने प्रतिद्वंदी नरेन्द्र सिहाग को 137 मतों से हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। निर्वाचन अधिकारी सन्तोष सैनी ने बताया कि 579 मतों में से 09 रिजेक्ट हुये और 494 वोट डाले गए। जिसमें से महेश प्रताप सिंह को 311 मत और नरेन्द्र सिहाग को 174 मत मिले। इसी प्रकार उपाध्यक्ष के चुनाव में 08 मत रिजेक्ट हुए और कुल 486 वोट पड़े। जिसमें सुरेश आर्य को 348 वोट मिले। दलीप सैनी को 138 वोट मिले। सुरेश आर्य ने दलीप को 210 मतों से हराया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने विजयी प्रत्याशी महेश प्रताप सिंह व सुरेश आर्य को माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर बधाईयां दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले में लगेंगे आरोग्य व रक्तदान शिविर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलेभर में 15 दिसम्बर को व्यापक 'आरोग्य शिविर' और 'रक्तदान महान शिविर' आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि जन-जन तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, शहरी पीएचसी व उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक-दिवसीय विशेष शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में आने वाले सभी रोगियों को मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जाँच योजना के तहत समुचित लाभ प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अधिकतम नागरिकों तक जानकारी पहुँचे, इसके लिए सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोजन की समग्र निगरानी के लिए जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम की श्रृंखला में जिले में विशेष रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। जिला अस्पताल धौलपुर एवं बाड़ी में इन शिविरों में विभिन्न विभागों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। रक्तदान करने वाले सभी हितधारकों को सम्मानित किया जाएगा।

### शिविर में उपलब्ध होंगी ये प्रमुख स्वास्थ्य सुविधाएँ:

सीएमएचओ डॉ.मीणा ने बताया कि शिविर में गैर-संचारी रोग की जाँच और उपचार के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का बीएमआई, बीपी, ब्लड शुगर और सामान्य कैंसर जाँच पॉजिटिव पाए गए मरीजों के लिए तत्काल उपचार एवं जीवनशैली सुधार संबंधी परामर्श दिया जाएगा। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आशा, एएनएम व सीएचओ की सहायता से टीबी संभावित रोगियों का चिन्हीकरण आवश्यक नॉट जाँच व पॉजिटिव रोगियों का तुरंत उपचार प्रारंभ, निक्षय मित्रों की ओर से पोषण किट वितरण किया जाएगा। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओ के तहत गर्भवती महिलाओं का एएनसी चेकअप, 12 सप्ताह से पहले पंजीकरण प्रसव पूर्व जाँचें, टिटनेस टीकाकरण, उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) का चिन्हीकरण और छूटे हुए सभी बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आवश्यक

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संजय शर्मा, पर्यावरण व जन जागृति संस्था के अध्यक्ष, हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के डीईओ प्रदीप ईश्वरवाल रहे। संजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और विद्यार्थी यदि प्रतिवर्ष एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें तो बड़ा परिवर्तन संभव है। प्रदीप ईश्वरवाल ने स्काउट एंड गाइड्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह संस्था विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, टीमवर्क और सेवा भावना विकसित करती है और भविष्य में इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएँ भी उपलब्ध कराती है। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का संवर्धन करते हैं। विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली की तैयारियों को लेकर बैठक में चचा



### प्रभारी कुमार आशीष ने तैयारियों के संबंध में दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली की तैयारियों को लेकर आज स्थानीय सर्किट हाउस में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त महारैली प्रभारी कुमार आशीष ने कांग्रेस संगठन की बैठक ली। महारैली की तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धौलपुर विधायक संजय कुमार जाटव ने की। बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा, प्रदेश पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष, विभाग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महारैली प्रभारी कुमार आशीष ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली रैली का आयोजन किया जा रहा है। हम सबको मिलकर दिल्ली पहुंचकर राहुल गांधी की आवाज को बुलंद करना है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान खतरे में है अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी कुमार आशीष ने कहा कि केंद्र सरकार वोट चोरी करके राज्यों में सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से वोट चोरी को उजागर किया जिसका कोई जवाब चुनाव आयोग नहीं दे पा रहा है। उन्होंने सभी कांग्रेस जनों से आह्वान किया कि हम सबको दिल्ली पहुंचकर लोकतंत्र को बचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार जाटव ने कहा कि धौलपुर जिले की चारो विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस जन 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली में भाग लेंगे। उन्होंने सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को ब्लॉक वाइज जिम्मेदारी सोपते हुए कहा कि 11:30 बजे से पहले हम सबको रामलीला मैदान पहुंचना है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव अमित मुद्गल, धर्मेंद्र शर्मा सेवादल अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित, संगठन महासचिव धनेश जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामेंद्र मीणा, पुष्पेंद्र कुशवाहा ,राजेंद्र निषाद, प्रधान प्रतिनिधि नागेश कुशवाहा, अभिषेक यादव, अनिल अरेला, सुरेंद्र दरियापुर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया।

**राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान**

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में नवाचार दिवस-स्टार्टअप्स कॉन्क्लेव' का होगा आयोजन

### 333 स्टार्टअप्स को मिलेगी 10.79 करोड़ रुपए की फंडिंग

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 'नवाचार दिवस- स्टार्टअप्स कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में 333 चयनित स्टार्टअप्स को इस कार्यक्रम में 10.79 करोड़ रुपए की फंडिंग दी जाएगी। कॉन्क्लेव का मुख्य आकर्षण स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी होगी, जिसमें प्रदेश के उद्यमी अपने नवाचार युक्त उत्पाद व सेवाएं प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम में सफल स्टार्टअप संस्थापक अपने अनुभव भी साझा करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान डिजिफेस्ट हैकाथॉन का शुभारंभ भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भी शामिल होंगे।

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

### आईस्टार्ट से स्टार्टअप्स को मिल रही मेंटरिंग और फंडिंगः

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवा उद्यमियों को नया विश्वास और नई ऊर्जा देकर स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने और नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। पिछले दो वर्षों में आईस्टार्ट के माध्यम से बड़ी संख्या में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन, मेंटरिंग व फंडिंग उपलब्ध कराई गई है, जिससे राजस्थान देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। नवाचार दिवस राजस्थान के हजारों युवा उद्यमियों के लिए विश्वास और ऊर्जा लेकर आएगा तथा यह संदेश भी देगा कि राजस्थान अब नवाचार और स्टार्टअप का भी प्रदेश है।

### मुख्यमंत्री 50 विकास रथों को दिखाएंगे हरी झंडीः

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान से 50 विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में रथ पहुंचेंगे जिन्हें जिला प्रभारी मंत्री जिला मुख्यालयों से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन माध्यम से प्रत्येक विधानसभा में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, दो वर्षों की विकास उपलब्धियों तथा नीतिगत सुधारों की जानकारी ऑडियो-वीडियो माध्यमों से आमजन तक सहज और प्रभावी रूप से पहुंचाई जाएगी। इस दौरान राज्य सरकार के दो वर्ष के सफल कार्यकाल, क्रियान्वित योजनाओं, प्रमुख उपलब्धियों तथा विकास की दिशा में उठाए गए सार्थक कदमों, राज्य में आधारभूत संरचना, विकास, सामाजिक सुरक्षा तंत्र, शिक्षा-स्वास्थ्य सुधार, महिला व युवा सशक्तिकरण, कृषि उन्नयन, औद्योगिक प्रगति तथा सुशासन से जुड़े महत्वपूर्ण आयामों पर प्रकाश डाला जाएगा। राज्य सरकार की ओर से दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम हैं, बल्कि सरकार और जनता के बीच उत्तरदायी संवाद को और अधिक मजबूत बनाता है। विकास रथों की यह यात्रा राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता उत्पन्न करेगी और विभिन्न योजनाओं और पहलों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएगी।



# तान्या मित्तल ने बिग बॉस 19 के अपने सफर के बारे में खुलकर बात की

**बिग बॉस 19 के पांच फाइनलिस्ट में से तान्या मित्तल एक थीं। वह फिनाले में बाहर हुईं। उन्होंने रियलिटी शो में अपने सफर के बारे में खुलकर बात की है। तान्या ने कहा कि वह अक्सर घर में बहुत अकेला और तन्हा महसूस करती थीं। उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें दोस्ती करने में बहुत मुश्किल होती थी। आइए जानते हैं तान्या मित्तल ने शो के बारे में और क्या कहा है?**

न्यूज एजेंसी से बात करते हुए तान्या मित्तल ने बताया कि कंटेस्टेंट नीलम गिरी के साथ अच्छा रिश्ता था लेकिन एक वक्त ऐसा आया जब हमारे रिश्ते में तनाव आ गया। उन्होंने कहा, नीलम ने एक समय मुझसे सवाल पूछा कि क्या तुम झूठ बोलती हो? वह गुस्से में थीं और मुझ पर चिल्लाई थीं।

### कल्पू काका से है दोस्ती

उन्होंने बताया मैंने एक पेड़ से दोस्ती की, जिसका नाम कल्पू काका है। मुझे लगता है कि मैं सिर्फ एक ही दोस्त बना सकती हूं, और वो हैं कल्पू काका। बिग बॉस ने मुझे वो पेड़ लाने नहीं दिया। अगर मेरे दोस्त मेरे साथ होते, तो मुझे चीजों से बात नहीं करनी पड़ती। मुझे घर में बहुत अकेलापन और तन्हापन महसूस होता था। मुझे घर में बहुत खोया हुआ महसूस होता था। मैंने कभी झूठ नहीं बोला।

### हार नहीं मानती तान्या मित्तल

शो में उनके सबसे खुशी के पल के बारे में पूछे जाने पर, तान्या ने कहा, मैं शो में बहुत रोई हूं, मैं आपको बता नहीं सकती कि किस पल ने मुझे बहुत खुश किया। हर दिन एक नया चैलेंज होता था, मुझसे वो सब करने को कहा जाता था जो मैं करती आई हूं। उन्होंने आगे कहा मेरी सबसे बड़ी खूबी यह है कि चाहे कुछ भी हो जाए, चाहे मैं कितनी भी टूटी हुई क्यों न होऊं, मैं हार नहीं मानती।

आपको बता दें कि बिग बॉस 19 के फिनाले के बाद, एक्टर गौरव खन्ना ने बिग बॉस 19 की ट्रॉफी जीती। बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले में गौरव खन्ना का मुकाबला टॉप फाइनलिस्ट फरहाना भट्ट से हुआ, वह फर्स्ट रनर-अप रहीं। कंटेस्टेंट तान्या मित्तल, अमाल मलिक और प्रणित मोरे भी टॉप पांच में शामिल थे। गौरव खन्ना को विनर ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपये की प्राइज मनी दी गई।



# तमिल फिल्म वा वाथियार में स्पिरिट रीडर का किरदार निभा रही हैं कृति शेट्टी

अभिनेत्री कृति शेट्टी इन दिनों अपनी आने वाली तमिल फिल्म वा वाथियार को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म में उनका किरदार एक स्पिरिट रीडर का है। इस बीच उन्होंने असल जिंदगी में कुछ ऐसा महसूस किया। कृति ने खुलासा किया कि शूटिंग शुरू होने से ठीक एक रात पहले उनके होटल के कमरे में उन्हें एक आत्मा दिखाई दी। इस घटना ने न सिर्फ उन्हें झकझोर दिया, बल्कि उनके किरदार के प्रति विश्वास भी मजबूत कर दिया। कृति ने कहा, मैं निर्देशक नलन कुमारस्वामी की इस फिल्म में एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हूं, जो आत्माओं से बात करती है और जो दूसरे लोगों की तुलना में भावनाओं और ऊर्जा को अधिक गहराई से महसूस करती है। सिनेमा में ऐसे किरदार आमतौर पर कम ही देखने को मिलते हैं, खासकर भारतीय फिल्मों में, इसलिए यह मेरे लिए एक नया और एक्साइटिंग अनुभव था। जब मैं इस किरदार की तैयारी कर रही थी, तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि वास्तविक जिंदगी में भी कुछ ऐसा घट सकता है।

कृति ने कहा, मैं बचपन से ही मानती हूं कि आत्माएं होती हैं। मैं तुलु समुदाय से आती हूं, जहां पूर्वजों की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि हमारे पूर्वज हमेशा हमारे आसपास होते हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं। मैं आत्माओं की अवधारणा से कुछ हद तक परिचित हूं, लेकिन शूटिंग से पहले का अनुभव मेरे लिए बेहद विचलित कर देने वाला था। उन्होंने बताया, शूटिंग के लिए मैं और टीम एक होटल में रुके हुए थे, उसी रात मुझे किसी आकृति का एहसास हुआ। मैंने पूरा चेहरा नहीं देखा, लेकिन एक साफ-साफ छाया




जैसी आकृति मैंने महसूस की थी। उसी पल जब मैंने लाइट ऑन की, तो अचानक तेज आवाज हुई। उस समय मेरी मां भी साथ थीं। हम दोनों ने महसूस किया कि यह कोई सामान्य घटना नहीं थी। यह अनुभव इतना वास्तविक था कि इसे भ्रम या कल्पना माना ही नहीं जा सकता। कृति ने कहा, इस फिल्म में स्पिरिट रीडर का किरदार निभाते समय मुझे खुद भी लगता था कि शायद दर्शकों को ऐसी बातें अविश्वसनीय लगेंगी। लेकिन जैसे ही ये घटना घटी, मुझे लगा जैसे कोई मेरे इस किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए संकेत दे रहा हो। फिल्म वा वाथियार में कृति के साथ अभिनेता कार्थी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जो एक पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं।



## रजनीकांत स्टारर जेलर 2 में कैमियो कर सकते हैं शाहरुख

रजनीकांत की आगामी फिल्म जेलर 2 को लेकर बड़ा बज सोशल मीडिया पर बना हुआ है। चर्चा है कि शाहरुख खान इसमें स्पेशल कैमियो करते नजर आ सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स फिल्म का स्केल बढ़ाने के लिए एक बड़े हिंदी सुपरस्टार को जोड़ना चाहते हैं और शाहरुख का नाम टॉप पर है। दावा है कि शाहरुख के हिस्से की शूटिंग के लिए मार्च 2026 की विंडो तय की गई है, हालांकि टीम की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं। इससे पहले रजनीकांत की फिल्म कुली में आमिर खान कैमियो कर चुके हैं। फिल्म के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार हैं, जिन्होंने पहली फिल्म जेलर (2023) को ब्लॉकबस्टर बनाया था। दिलचस्प बात यह है कि शाहरुख को कथित तौर पर कुली में भी एक कैमियो के लिए संपर्क किया गया था। हालांकि, उन्होंने कुछ कारणों से इस ऑफर को ठुकरा दिया था। जिसके बाद आमिर खान को जगह मिली थी। जेलर 2 कथित तौर पर पहली फिल्म की घटनाओं के बाद शुरू होगी, जिसमें मुथुवेल पांडियन का पीछा किया जाता है क्योंकि वो बदला लेने के लिए मूर्ति-तस्करी सिंडिकेट से भिड़ जाता है। कहा जाता है कि सीक्वल इस नए आपराधिक नेटवर्क की खोज को दिखाएगा। अभिषेक बच्चन भी दिखेंगे।

## मोहनलाल की एक और फिल्म के रीमेक में दिख सकते हैं अजय

ऑपरेशन जावा और सऊदी वेलक्का जैसी फिल्मों के निर्देशक थरुन मूर्ति इस साल मोहनलाल स्टारर थुदारुम की जबरदस्त सफलता के बाद से सुर्खियों में हैं। फिल्म ने दुनियाभर में 235 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। इसी के बाद निर्देशक को हिंदी और तेलुगु में रीमेक ऑफर्स भी मिलने लगे। थरुन ने बताया कि हिंदी रीमेक के लिए अजय देवगन का नाम गंभीरता से चर्चा में है। अगर हिंदी रीमेक बनता है तो मैं अजय के लिए काफी मेहनत करूंगा, क्योंकि उनका स्टंट बैकग्राउंड कमाल का है। उनके पिता वीरू हिंदी सिनेमा के जाने-माने ऐक्शन डायरेक्टर रहे हैं। थुदारुम में मोहनलाल भी एक पूर्व स्टंटमैन का किरदार निभाते हैं, जो परिवार के साथ सादी जिंदगी बिताते हुए कार-फॉर-हायर सर्विस चलाता है। थरुन ने माना कि बैक-टू-बैक प्रोजेक्ट्स की वजह से फिलहाल रीमेक को तुरंत शुरू करना मुश्किल है लेकिन प्रोजेक्ट की चर्चा जारी है और जल्द आधिकारिक ऐलान हो सकता है। इसके अलावा थरुन की टॉरपीडो भी आनी है।





# रात अकेली... में चुनौतियां पैदा करता दिखेगा चित्रांगदा सिंह का किरदार

नेटफिलक्स की सफल थ्रिलर फिल्म रात अकेली है का दूसरा पार्ट 5 साल बाद आ रहा है। इस सीक्वल की राइटर स्मिता सिंह ने बताया कि कैसे एक ओपन एंड शट हत्याकांड ने उन्हें दोबारा लिखने के लिए प्रेरित किया और कैसे इस बार इंस्पेक्टर जटिल यादव के रूप में नवाजुद्दीन का किरदार सामाजिक साजिश का सामना करेगा, वह गढ़ना था। बकौल स्मिता... पहले पार्ट में कहानी एक बंद घर और सीमित माहौल के अंदर हुई हत्या पर थी, जबकि इस नए पार्ट में हत्या पूरे देश के सामने जाहिर है। अपराध के हर पहलू के साथ यह पब्लिक केस है लेकिन फिर भी इसके अंदर एक बड़ी साजिश छिपी हुई है, जिसे सिर्फ जटिल यादव ही समझ सकता है। स्मिता ने इस बात पर भी जोर दिया कि दूसरा पार्ट आर्टिकल 15 जैसे सोशल कॉमेंट्री वाले मिजाज में है। जहां पहला पार्ट स्मॉल टाउन हत्याकांड का अनुभव देता था, वहीं दूसरा पार्ट पूरे देश की नजरों के सामने ओपन एंड शट केस पेश करता है, जिसे देखना और समझना दोनों ही दर्शकों के लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक होगा। खास बात है कि इसमें दुनिया जिसको हत्यारा मान रही है, वह जटिल यादव की नजरों में वह नहीं है। अब इस बार दांव बड़ा है, जो हो रहा है, ऐसा लग रहा है कि सबको पहले से पता है। नवाज के किरदार जटिल को मारधाड़ में यकीन कम पिहले पार्ट में जटिल का किरदार रूखा और गंभीर था लेकिन अब उसके जीवन में प्यार आने के कारण वह अधिक पॉजिटिव नजर आता है।

बावजूद इसके उसकी इंसिक्योरिटी और प्रोफेशनल फ्रस्ट्रेशन अब भी मौजूद हैं। कहानी में चित्रांगदा का किरदार जटिल यानि नवाज के लिए चुनौतीपूर्ण और ट्रैजिक है जो उस क्लास को दिखाता है जिसे लगता है कि उनके सामने पूरी दुनिया ही नहीं है। चित्रांगदा का कैरेक्टर बहुत कॉम्प्लेक्स और ट्रैजिक है।




# मैं डार्क और रियलिस्टिक सिनेमा बनाना पसंद करता हूं



**राम गोपाल वर्मा एक बार फिर से मनोज बाजपेयी के साथ फिल्म कर रहे हैं। इसका टाइटल पुलिस स्टेशन में भूत है। उनसे उनके नए प्रोजेक्ट्स पर हुई खास बातचीत...**

**क्या मानते हैं कि हॉरर फिल्मों के लिए अब ऑडियंस चेंज हुई है?**

मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस चेंज हुई है। रामसे ब्रदर्स ने सफल हॉरर बनाईं, फिर आगे चलकर उनकी फिल्मों में काफी ब्लड दिखना शुरू हो गया। वह फिल्में दर्शकों को शायद अच्छी नहीं लगीं। मैंने जब रात और डरना मना है या भूत बनाईं तो ब्लड के बजाय साइकोलॉजी का प्रयोग किया। वह सब साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्में थीं। मैंने कैमरा एंगल और साउंड इफेक्ट्स की मदद से सीन में हॉरर का माहौल कायम किया।

**क्या इसे भूत की स्पिरिचुअल सीक्वल कह सकते हैं?**

बिल्कुल नहीं। पुलिस स्टेशन में भूत एक बिल्कुल अलग कहानी है। भूत से उसका कोई नाता नहीं है। इसकी कहानी एक इंस्पेक्टर की है, जो एक गैंगस्टर को मार देता है। अब उस गैंगस्टर की आत्मा उस पुलिस वाले में समा जाती है। ऐसे में, फिर क्या सब होता है, हमारी कहानी उस बारे में है। हम यह भी कहना चाहते हैं कि जब आम इंसान डरता है तो वह पुलिस के पास जाता है। जब पुलिस ही डरे तो क्या होगा।

**फिल्म में कितना हेवी वीएफएक्स और कितना रियलिज्म रखा है आपने?**

वीएफएक्स है, मगर वह कहानी पर हावी नहीं होती। बाकी मैं हाल के बरसों की हॉरर फिल्में फॉलो करता रहा हूं। मैंने स्त्री, मुंज्या जैसी हॉरर फिल्में देखी हैं। मुझे पसंद भी आई हैं।

**सत्या के समय क्या तय कर लिया था कि आम चेहरे वाले किसी युवक को हीरो बनाकर ही दम लेंगे?**

मैंने कभी उस पर्सपेक्टिव से फिल्में नहीं बनाईं या कलाकारों का चयन हीरो या विलन के तौर पर किया। मैंने हमेशा कहानी, किरदार और हालात के बारे में सोचते हुए उनमें सबसे फिट बैठने वाले कौन कलाकार हो सकते हैं, उससे चीजें तय कीं। उसके ऊपर मैंने कभी यह नहीं सोचा कि मुझे किसी को लॉन्च करना है या किसी को हीरो ही बनाना है। सौभाग्य से तब हमारे प्रोड्यूसर्स भी मेरी बात से सहमति रखा करते थे। इतने वर्षों में शाहरुख के साथ फिल्में क्यों नहीं कीं शाहरुख का जो डिमीनर, कद और आभा है, वह सब बहुत बड़ा है। आम जिंदगी में भी उनसे मिलें तो वे अलग ही लेवल और एनर्जी से लैस महसूस होते हैं लेकिन मेरी फिल्ममेकिंग का स्टाइल कुछ अलग है। मैं डार्क और रियलिस्टिक सिनेमा बनाना पसंद करता हूं। इसलिए मुझे उनके हिसाब की कहानी हो तभी उन्हें अप्रोच करना सही लगता है। बेशक, हमने इतने सालों में चार-पांच बार फिल्म को लेकर मुलाकात की लेकिन स्टोरी डेवलपमेंट के दौरान मुझे लगा कि जो कहानी मैं बनाना चाहता हूं, वह उनके पर जस्टिफाई नहीं करेगी। इसलिए शाहरुख के साथ अभी तक कोई प्रोजेक्ट नहीं हुआ। वहीं अमिताभ बच्चन सर के साथ मामला अलग रहा। उन्होंने मेरी सत्या देखी थी और बाद में कंपनी भी देखी। मैं खुद उनकी दीवार और जंजीर जैसी फिल्मों से इंस्पायर्ड रहा हूं। इन चीजों की वजह से हमारी आपसी बॉन्डिंग गहरी हुई। जब काम करने का मौका आया, तो अनुभव बेहद सकारात्मक रहा और अब हम दोनों आगे और भी स्क्रिप्ट्स पर बातचीत कर रहे हैं।



## खातेदारी जमीन की चारदीवारी को ढहाने का आरोप



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** किशनपुरिया में स्थित खातेदारी जमीन की चारदीवारी को ढहाने का आरोप लगाते हुए पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छीतरलाल कुम्हार ने किशन कालबेलिया,उदा नाथ कालबेलिया व मांगीनाथ समेत अन्य 3- 4 व्यक्तियों के खिलाफ बिजौलियां थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया कि खुद की खातेदारी जमीन ग्राम किशनपुरिया पटवार हल्का लक्ष्मीखेडा तहसील बिजौलियाँ में स्थित है। उक्त जमीन पर 25 वर्षों से काश्त करते आ रहे हैं और चारदीवारी भी करवा रखी हैं। आरोपियों की ओर से बिना किसी सक्षम न्यायालय के आदेश से जेसीबी मशीन से चारदीवारी को ढहाया जा रहा हैं।मारपीट की आशंका जताते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई हैं।

## अभिभाषक परिषद् बिजौलियां के चुनाव संपन्न



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** अभिभाषक परिषद के चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी नरेश सिंह तंवर व सहायक चुनाव अधिकारी संजय धाकड़ ने बताया कि कोषाध्यक्ष, सहसचिव और पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर क्रमशः पंकज कुमार धाकड़, मनीष धाकड़ और सुनील धाकड़ विजयी रहे। विदित हैं कि परिषद के अध्यक्ष पद पर जगदीश चंद्र धाकड़, उपाध्यक्ष पद पर राजू लाल धाकड़ और महासचिव पद पर प्रदीप कुमार शर्मा पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। चुनाव अधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में फ्यूचर स्किल्स विथ आर. कैट पर व्याख्यान आयोजित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** इंजीनियरिंग कॉलेज में फ्यूचर स्किल्स विथ आर. कैट पर विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. बी.एल. गुप्ता ने वर्चुअल माध्यम से की। उन्होंने छात्रों को इस विशेषज्ञ व्याख्यान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आई स्टार्ट भरतपुर के डिविजनल हेड सत्यपाल सिंह रहे। उन्होंने 'फ्यूचर स्किल्स विद आर.कैट' विषय पर एक प्रेरक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में उन्होंने भावी कौशलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एआई स्टूडियो, गूगल पिक्स, नोटपैड आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कंप्यूटर साइंस विभाग अध्यक्ष विनय बघेला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह कार्यक्रम कॉलेज के छात्रों के बीच तकनीकी जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ कृष्ण कांत उपाध्याय, निरंजन सिंह, शिवाकांत शर्मा, मिलेश चौहान, विजय कुमार अग्रहरी, बृजेश कुमार, सौरभ शर्मा, माधव गर्ग, गजेंद्र सिंह, राजेश कुमार, गिर्राज गिरी, कुलदीप तिवारी, मोहित श्रीवास्तव, वंशिका यदुवंशी, हिमांशु गुप्ता व सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और प्रवक्ता सहित समस्त छात्र- छात्राए मौजूद रहे।

## राजाखेड़ा बार अध्यक्ष के चुनाव में राम चरित्र अध्यक्ष, होतम सिंह जादौन कोषाध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा बार अध्यक्ष का चुनावशुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजाखेड़ा कोर्ट प्रांगण में है शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न किया गया। जिसकी मतगणना दोपहर 2:30 बजे की गई जिसमें बार अध्यक्ष पद के दावेदार रामचित्र शर्मा को 14 मत और भारत भूषण शर्मा 12 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद के दावेदार होतम सिंह जादौन को 15 मत तथा दिनेश चंद्र शर्मा 11 मत मिले। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर रामचित्र शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर होतम सिंह जादौन को विजयी घोषित किया गया। उक्त जानकारी निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट सुरेंद्र परिहार, सहायक निर्वाचन अधिकारी असफर्ी सिंह जादौन ने दी।

# अवैध अतिक्रमणों से राजाखेड़ा के बाजार अटे, जाम से आमजन परेशान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा कस्बे के टाउन चौकी बायपास रोड अतिक्रमण की चपेट में आ गया है, बाजार मनिहार गली से लेकर पुलिस चौकी तक अतिक्रमण की चपेट में है जिसे लेकर आमजन में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है।राजाखेड़ा कस्बे का मुख्य बाजार इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। सड़क के दोनों किनारा ठेला-ढकेल वाले, फुटपाथ दुकान और कई स्थानीय व्यापारी सामान दुकानों के सामने फैलाकर बैठ जाते हैं और राम खिलाड़ी चौड़ाई से जैन धर्मशाला के सामने तक चार पहिया वाहन भी खड़े रहते हैं जिससे सड़क का अधिकांश हिस्सा अतिक्रमण कब्जे में चला जाता है नतीजतन यहां से गुजरने वाले वाहनों चालकों और रहागीरो को दिनभर भारी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है पुलिस चौकी से लेकर जैन धर्मशाला तक अतिक्रमण के अलावा सब्जी विक्रेता कच्ची सब्जियों को और पत्तों को सड़क पर ही फेंक देते हैं जिसके कारण आवारा पशु भी घूमते नजर आते हैं जिनके कारण निकलने वाले व्यक्ति भी चोटिल होते रहते हैंमुख्य सड़क पर अवैध कब्जे के कारण लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह से लेकर रात तक ठेले - ढकेलने और दुकानों का सामान सड़क पर फैला रहता है ऐसी स्थिति में चार पहिया और दो पहिया वाहन तो दूर पैदल निकलना भी चुनौती बन गया है स्कूली बच्चों महिलाओं को गुजरने को इस व्यवस्था का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में नगर पालिका राजाखेड़ा के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी देवेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि जल्द से ही विशेष अभियान चला कर बाजार का अतिक्रमण की कार्रवाई की जाएगी

### नगर पालिका व प्रशासन पर लापरवाही पर लोगों में रोषः

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन और प्रशासन की उदासीनता के कारण समस्या दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही हैं लोगों का कहना है कि अगर समस्या रहते कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति बिगड़ सकती है । जाम की स्थिति से छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ की जा रही है।

## राजाखेड़ा में अवैध मैरिज होम बन रहे आमजन के लिए आफत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के राजाखेड़ा कस्बे में 14/ 15 वर्षों से चल रहे अवैध मैरिज होमो संचालकों के होंसले बुलंद है नगर पालिका प्रशासन पर आमजन का गंभीर आरोप है की राजाखेड़ा बाईपास धौलपुर आगरा रोड एवं हाट मैदान रोड पर अवैध मैरिज होम स्थित है। राजाखेड़ा कस्बे में अवैध मैरिज होमो का आतंक बढ़ता जा रहा है ना तो नगरपालिका राजाखेड़ा द्वारा मैरिज होम बनवाने की स्वीकृति लेते हैं ना हीं मैरिज होम चलाने का रजिस्ट्रेशन कराते हैं मैरिज होम संचालकों के हौसले बुलंद है, जिनके पास ना तो पार्किंग की व्यवस्था है ना हीं मैरिज होमो को संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन कराए गए हैं ऐसी स्थिति में अवैध मैरिज होमो मालिक के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने आज तक कोई भी कठोर कदम नहीं उठाया है। अवेध मैरिज होमो की वजह से सड़कों पर वाहनो को खड़ा कर देते हैं जिसकी वजह से आम रास्ता अवरोध हो जाता है निकलने वालों वाहनों की लंबी कतारे लग जाती हैं। जाम लग जाता है। एक तो नगरपालिका राजकोष की हानि हो रही है दूसरी और आमजन को रास्ता निकलने मजबूर है अब देखना यह होगा क्या राजाखेड़ा नगर पालिका प्रशासन अवैध मैरिज होम संचालक के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है? राजाखेड़ा कस्बे में धडले से चल रहे अवैध मैरिज होमो पर विद्युत विभाग की ततैया टीम विफल होती नजर आ रही है राजाखेड़ा में छोटे चोरों पर तो कसा शिकंजा, लेकिन मैरिज होम वालों को विद्युत विभाग ने दिया संरक्षण राजाखेड़ा कस्बे के अंदर चल रहे अवैध मैरिज होमो में विद्युत विभाग की ततैया टीम विफल होती दिख रही है क्या राजाखेड़ा में अवैध मैरिज होमो में विद्युत लाइट की चोरी नहीं होती। क्या अवैध मैरिज होमो को विद्युत विभाग से संरक्षण प्राप्त है, राजाखेड़ा विद्युत विभाग की ततैया तंत्र ने कितने मैरिज होमो पर कार्रवाई की है। राजाखेड़ा नगर पालिका कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया हमारे राजाखेड़ा में एक भी मैरिज होम का रजिस्ट्रेशन नहीं है, ना राजाखेड़ा में मैरिज होम बनाने के लिए किसी ने भी भवन स्वीकृति ली है। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी देवेंद्र कुमार तिवारी ने बताया है कि मैरिज होम चलाने वाले संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नावां विधानसभा बीएलओ समिति ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, आरटीआई में पारदर्शिता करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**नावां सिटी(निस)।** डीडवाना जिले के नावां में नावां विधानसभा बीएलओ संपर्क समिति ने उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें आरटीई अधिनियम 2009 की धारा 23 के पालन में हो रही अनियमितताओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। समिति ने शिक्षा विभाग की ओर से ओबीसी वर्ग के लिए जारी कोटेशन के आधार पर आरटीई प्रवेश सूची तैयार करने को नियमावली के विरुद्ध बताया है। ज्ञापन में कहा गया है कि आरटीई 2009 के प्रावधानों के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित वर्गों के बच्चों को प्रवेश में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हालांकि, वर्तमान प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग की सूची को आधार बनाकर चयन किया जा रहा है, जिससे पात्र बच्चों को नुकसान हो रहा है। इस त्रुटि के कारण कई विद्यालयों में सीटों का गलत तरीके से आवंटन हो रहा है। समिति ने मांग की है कि प्रवेश सूची तैयार करते समय ओबीसी वर्ग की सूची को मान्य न मानकर आरटीई अधिनियम 2009 में निर्धारित आर्थिक व सामाजिक मानकों का पालन करते हुए नई सूची तैयार की जाए। समिति सदस्यों ने आशंका जताई है कि इस प्रक्रिया के चलते जिले भर के अनेक विद्यालयों में आरटीई सीटों पर अवैध रूप से प्रवेश दिए जा सकते हैं। संपर्क समिति ने उपखंड अधिकारी से मामले की त्वरित जांच कर उचित कार्रवाई करने और आगामी आरटीई प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित करने की मांग की है। ज्ञापन पर समिति के पदाधिकारियों और बीएलओ तुलछाराम (प्रबोधक संघ अध्यक्ष), भंवरलाल प्रबोधक पांचोता सहित काफी संख्या में बीएलओ उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल मंत्री गणेश परेवा का नागरिकों ने किया अभूतपूर्व स्वागत



जयपुर टाइम्स

**नावां सिटी(निस)।** शहर में भाजपा मंडल मंत्री नियुक्त होने पर गणेश परेवा का वार्डवासियों और खटीक समाज ने स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर गणेश परेवा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों और समाज की ओर से दिया गया सम्मान और स्नेह उनके लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। परेवा ने आश्वासन दिया कि वार्ड के विकास से संबंधित कोई भी कार्य लंबित नहीं रहेगा और जनसेवा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। स्वागत कार्यक्रम में रमेश टाक, किशोर टाक, संजय सांखला, विजय सिंह भाटी, सतीश परेवा, ललित तंवर, श्यामलाल शुकरिया, प्रेम शुकरिया, भागचंद डाबरिया, अर्जुन टाक, मनबर देवी और बदामी देवी सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे। परेवा ने राजस्व राज्य मंत्री व विधायक विजय सिंह चौधरी, जिला अध्यक्ष सुनीता माहेश्वरी और मंडल अध्यक्ष प्रकाश योगी का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहयोग से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## पीएमश्री स्कूल रेनवाल मांझी के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

### केंद्रीय स्कूल की कार्यप्रणाली के बारे में जाना

जयपुर टाइम्स




**सांगानेर(निस)।** डिग्गी रोड़ स्थित कस्बे के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेनवाल मांजी के विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य भंवर लाल जांगिड़ के सान्निध्य में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना के अंतर्गत विद्यालयों के बीच साझेदारी योजना के तहत पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 6 सेक्टर 3 मानसरोवर जयपुर का भ्रमण कराया गया। जिसमें छात्रों ने अटल लैब, स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, संगीत प्रयोगशाला, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, प्रार्थना सभा का अवलोकन किया। वहां होने वाली गतिविधियों की बारीकी से जानकारी प्राप्त की। वहां के विद्यार्थियों के साथ फ्रेंडली मैच भी हुआ और सभी छात्रों को रेस्टोरेंट में भोजन करवाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद मीणा तथा स्टाफ और पीएम श्री विद्यालय रेनवाल मांजी के प्रधानाचार्य भंवरलाल जांगिड़, व्याख्याता नवीन कुमार जैन, देव, सुमन खंडेलवाल, सरिता मूंड, वरिष्ठ अध्यापक ओम प्रकाश चौधरी, हेमेंद्र शर्मा और पुस्तकालय अध्यक्ष लवीना उपस्थित रहे।

## नावां महाविद्यालय में एनएसएस शिविरः स्वच्छता व हेलमेट जागरूकता का छात्रों ने लिया संकल्प



जयपुर टाइम्स

**नावां सिटी(निस)।** शहर के राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. वंदना चौधरी के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए परिसर को साफ-सुथरा रखने का आह्वान किया। शिविर का संचालन एनएसएस प्रभारी इकाई प्रथम डॉ. राजेश चौधरी व प्रभारी इकाई द्वितीय डॉ. विजय कुमार बंशीवाल के निर्देशन में हुआ। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर के भीतर व बाहर श्रमदान कर स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त व कचरा मुक्त वातावरण बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश चौधरी ने सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हेलमेट की उपयोगिता पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता बताते हुए सभी को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। शिविर के अंत में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहकर समाज में सकारात्मक योगदान देने का संकल्प लिया।

# जनसेवा फार्मेसी का कलेक्टर श्रीनिधि वीटी ने किया भव्य शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** महावीर सेवा संस्थान की ओर से संचालित जन सेवा फार्मेसी का शुक्रवार को गौरव पथ घन्टाघर रोड ए .बी.एम. स्कूल के पास भव्य शुभारम्भ जिला कलेक्टर श्री निधि वीटी ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला कलेक्टर श्री निधि बेटी ने कहा कि यह एक अभिनव पहल संस्था की ओर से उचित कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां आमजन को उपलब्ध करवाई जाएगी, इसके लिए उन्होंने संचालक को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सर्वोपरि सेवा है। सेवा संस्थान के संचालक अजय जैन ने बताया कि मानव सेवा को समर्पित संस्था जन सेवा फार्मेसी की ओर से धौलपुर वासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए गुणवत्तापूर्ण दवाइयां लागत मूल्य के नजदीक आमजन व जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि जन सेवा फार्मेसी की ओर से सेहत की निगरानी को ध्यान में रखते हुए शुगर व बीपी की जांच बिल्कुल फ्री में उपलब्ध रहेगी और संस्था की ओर से जेनेरिक दवाइयां उच्च क्वालिटी कंपनी की निम्न मूल्य पर भी उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी शैलेंद्र सिंह बोहरा, जैन समाज के अध्यक्ष धनेश जैन, अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, पंकज कुमार शर्मा,पूर्व प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार जैन, मैथलीशरण भारती, वैश्य सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र जैन, प्रमुख समाजसेवी बाबूजी नेतराम जैन, राम भरोसी लाल जैन, डालचंद जैन ,रूपेश कुमार जैन, रंजीत दिवाकर, डॉक्टर बीडी जिंदल, डॉक्टर हरिचरण बंसल, अमित जैन, नवीन मंगल, अमित जैन, दिनेश कुमार जैन राजकुमार जैन, सुबोध कुमार, यतेन्द्र कुमार, नरेश कुमार प्रिंसीपल, गिरीश चंद्र, अजीत जैन, संजय कुमार, राम नरेश, बनवारी लाल जैन, राजकुमार मनियां, मुकेश जैन अंकल, कमल किशोर, रिंकू शर्मा, संचालन उपप्राचार्य दिलीप जैन आदि नागरिक मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**जयपुर टाइम्स/चूरू(निस)।** प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को सवेरे 09.30 बजे जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में सड़क सुरक्षा अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डीटीओ नरेश बसवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 11 से 25 दिसंबर, 2025 तक सड़क सुरक्षा अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को रवाना किया जाएगा और सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राहवीरों को सम्मानित किया जाएगा। इसी के साथ जागरूकता रैली भी निकाल जाएगी।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/ 29345-58 Date: 12.12.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 560/2025-26**

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु0 ) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| S/F of Statue of Dr. Bhimrao Ambedkar and other Associated Misce. Works in Dr. BR Ambedkar Law University, Jaipur. UBN RRC2526WSOB01011 | 156.00 Lakh | अल्पकालीन ई-560 /25-26 |
| Construction of CC Road, Parking, Fencing, UGT & Tubewell at RUHS University, Pratap Nagar, Jaipur. UBN RRC2526WSOB01012 | 144.71 Lakh | |
| Fire Fighting and Sprinkler System work in Construction of CCB at Rajsamnd. UBN RRC2526WSOB01009 | 55.65 Lakh | ई-564/ 25-26 |
| Repair & Renovation work in Conection with Repairing of Damaged Electrical Duct System at District Hospital, Bundi. UBN RRC2526WSOB01015 | 29.93 Lakh | अल्पकालीन ई-565/ 25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http//pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**

## शिक्षा रैंकिंग में तारानगर राजस्थान में प्रथम



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राजस्थान की शिक्षा रैंकिंग में तारानगर ब्लॉक ने सम्पूर्ण राज्य में फिर से प्रथम स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता पर शुक्रवार को सीबीईओ कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सीबीईओ बबलेश शर्मा का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। सीबीईओ शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है शिक्षा विभाग की टीम, संस्था प्रधान, शिक्षक साथियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, भामाशाहों तथा एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यों ने मिलकर उत्कृष्ट कार्य किया है। यही टीम भावना हमें शीर्ष स्थान तक ले आई है। तारानगर ब्लॉक की इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य निर्मल छींपा, विश्वनाथ भाटी, कमलेश, अशोक कुमार, भागचंद किरोड़ीवाल, एसीबीईओ संजय शर्मा, भागचंद सोलंकी, आरपी रामनिवास, श्रवण चारण, पवन जांगिड़, राकेश खीचड़, भागूराम पूनिया, रविन्द्र प्रताप, शालिनी राठौड़, रमेश, योगेश गोस्वामी, राजेन्द्र कुमार, जगवीर पूनियाँ, तुलसीराम सहित शिक्षा विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## अभिभाषक संघ के चुनाव शान्तिपूर्ण सम्पन्न, सहारण बने अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर अभिभाषक संघ चुनाव वर्ष 2026 के लिए चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी पवन योगी व सहायक निर्वाचन अधिकारी सूर्यप्रकाश सहारण ने बताया कि 154 मतदाताओं में से 145 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए प्रभुदयाल सहारण को 82 मत व जितेन्द्रसिंह को 63 मत प्राप्त हुए जिसमें, उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल शर्मा को 82 मत, बजरंगलाल को 61 मत प्राप्त हुए महासचिव पद के लिए अंशुल शर्मा को 78 मत, ललित देव नैण को 66 मत प्राप्त हुए व कोषाध्यक्ष पद के बिलाल अहमद को 74 मत व जीताराम शर्मा को 70 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर प्रभुदयाल सहारण 19 मतों से, उपाध्यक्ष पद पर अनिल शर्मा 21 मतो से, महासचिव पद पर अंशुल शर्मा 12 मतो से कोषाध्यक्ष पद पर बिलाल अहमद 4 मतो से विजयी हुए।

## जयपुर में संभाग स्तरीय वाटरशेड महोत्सव का हुआ आयोजन

### जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं चारागाह विकास पर केंद्रित विविध गतिविधियों का प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** संभाग स्तरीय 'वाटरशेड महोत्सव' का आयोजन प्रातः शुक्रवार को महाराणा प्रताप संभागार, श्याम दुर्गापुरा, जयपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, विशिष्ट अतिथि जमवारामगढ़ के माननीय विधायक महेन्द्र पाल मीणा तथा अध्यक्षता जिला परिषद जयपुर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने की। कार्यक्रम द्वद्व जयपुर संभाग में जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों पर आधारित वीडियो फिल्म प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में वाटरशेड थीम पर आधारित पोस्टर एवं वाटरशेड कैलेंडर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में जिला प्रमुख ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के तहत कराए गए कार्यों की सराहना करते हुए परियोजना क्षेत्र के किसानों से योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। विधायक महेन्द्र पाल मीणा ने जल संग्रहण, चारागाह विकास एवं योजना से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख करते हुए इनके व्यापक क्रियान्वयन पर जोर दिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने वर्षा जल संचयन के लिए कृषि एवं अकृषि भूमि पर एनिकट, संकन पॉण्ड, रिचार्ज शाफ्ट, WHS, MPT, कंटूर ट्रेंचेस आदि कार्यों को प्रोत्साहित करते हुए इन गतिविधियों में आमजन की सहभागिता बढ़ाने का आग्रह किया। निदेशालय जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण के अतिरिक्त निदेशक धर्मपाल एवं रिछपाल सिंह ने योजना की विभिन्न तकनीकी गतिविधियों की जानकारी दी, वहीं संभाग स्तर से शामिल हुए किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी योजना के संबंध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर, जिला परिषद जयपुर श्री दिनेश कुमार ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया तथा कार्यक्रम का समापन जल प्रतिज्ञा एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# अशोभनीय कंटेंट समाज का ज़हर है, सरकार को अब कड़ा कानून लाना होगा: मदन राठौड़

## नाबालिगों को डिजिटल प्रदूषण से बचाना हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा में शुक्रवार को डिजिटल समाजशास्त्र से जुड़े एक अत्यंत संवेदनशील और व्यापक प्रभाव वाले मुद्दे ने पूरे सदन का ध्यान अपनी ओर खींचा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ने सभापति की अनुमति लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर तेजी से फैल रही अश्लील अनैतिक और समाज में विकृति पैदा करने वाली सामग्री पर गहरी चिंता व्यक्त की। उनके वक्तव्य ने न केवल सदस्यों को सोचने पर मजबूर किया बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल युग में बिना नियंत्रण के बढ़ती सामग्री किस तरह सामाजिक संतुलन के लिए चुनौती बन चुकी है। राठौड़ ने अत्यंत गंभीरता के साथ कहा कि आज रीलों शॉर्ट वीडियो और वायरल ट्रेंड्स के माध्यम से मनोरंजन के नाम पर ऐसी सामग्री पेश की जा रही है, जो सीधे-सीधे भारतीय समाज की पारिवारिक संरचना को क्षति पहुँचा रही है। उन्होंने बताया कि



डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभाव इतना व्यापक हो चुका है कि उसका असर बच्चों युवाओं और आम परिवारों के व्यवहार में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है, जो एक चिंताजनक संकेत है। अपने वक्तव्य में उन्होंने विशेष रूप से पवित्र पारिवारिक रिश्तों के गलत और अशोभनीय चित्रण की बात उठाई। उन्होंने कहा कि भाई-बहन देवर-भाभी ससुर-बहू पिता-बेटी जैसे गंभीर और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील संबंधों को आज सोशल मीडिया पर इस तरह पेश किया जा रहा है मानो वे मनोरंजन का कोई सस्ता साधन हों। यह प्रवृत्ति न केवल समाज की गरिमा को ठेस पहुँचा रही है बल्कि युवाओं के मन में रिश्तों के प्रति गलत धारणाएँ भी पैदा कर रही है। राठौड़ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भोजपुरी और हिंदी समेत कई भाषाओं में ऐसे वीडियो और सामग्री का प्रसार तेजी से बढ़ा है, जिनमें अशोभनीयता को सामान्य और स्वीकार्य बताया जा रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर इस प्रवृत्ति पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले वर्षों में समाज में रिश्तों के प्रति सम्मान का भाव कमजोर पड़ जाएगा और इससे परिवार संस्था को भारी नुकसान होगा। उन्होंने नाबालिगों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। राठौड़ ने कहा कि आज 10-15 वर्ष के बच्चे बिना किसी फ़िल्टर के ऐसे वीडियो देख रहे हैं जो उनके मानसिक विकास सामाजिक समझ और व्यवहारिक परिपक्वता पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपलब्ध कराना केवल तकनीकी जिम्मेदारी नहीं बल्कि नैतिक और सामाजिक दायित्व भी है जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। सांसद ने डिजिटल प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी तय करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि बड़ी टेक कंपनियाँ अरबों का कारोबार करती हैं लेकिन जब बच्चों की सुरक्षा, समाज की नैतिकता या सांस्कृतिक मर्यादा की बात आती है तो उनके नियम और तंत्र अत्यंत कमजोर सिद्ध होते हैं। उन्होंने मांग की कि प्लेटफॉर्मों पर अभद्र सामग्री अपलोड होते ही तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए और उसके लिए एक नीति तैयार करनी होगी द्य राठौड़ ने सरकार से यह भी आग्रह किया कि सोशल मीडिया की अनियंत्रित प्रवाह को रोकने के लिए अब हल्के-फुल्के कदम नहीं बल्कि कड़े और स्पष्ट कानूनों की आवश्यकता है। उनका कहना था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन इसका उपयोग समाज में विष फैलाने या सांस्कृतिक मूल्यों को ध्वस्त करने के लिए नहीं हो सकता। डिजिटल अपराधों को रोकने गलत कंटेंट हटाने और जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नियमों को और अधिक सख्ती से लागू करना वक्त की सबसे बड़ी मांग है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए उसके दुरुपयोग पर सख्त अंकुश लगाए बिना हम स्वस्थ डिजिटल समाज की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए तो मनोरंजन के नाम पर फैल रही अशोभनीयता आने वाली पीढ़ी के नैतिक आधार को कमजोर कर देगी जिसका दुष्प्रभाव पूरे राष्ट्र पर पड़ेगा। अपने संबोधन के अंत में राठौड़ ने सदन से दृढ़ स्वर में आग्रह किया कि सरकार इस दिशा में शीघ्र ठोस पहल करे और एक ऐसी डिजिटल आचारसंहिता तैयार करे जो न केवल तकनीकी रूप से सशक्त हो बल्कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और पारिवारिक संबंधों की मर्यादा का भी संरक्षण करे। उन्होंने कहा कि समाज की नींव रिश्तों के सम्मान पर टिकी होती है और इस नींव को कमजोर करने वाली किसी भी प्रवृत्ति को रोकना राष्ट्रहित में आवश्यक है।

## शीतकालीन अवकाश में परीक्षाएं कराने के निर्णय का रुक्टा ने किया विरोध, तुरंत निरस्त करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा शीतकालीन अवकाश (25 से 31 दिसंबर) के दौरान सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित करने की घोषित तिथियों का राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (रुक्टा) ने कड़ा विरोध किया है। रुक्टा के महामंत्री डॉ. बनय सिंह ने इसे 'अव्यवहारिक, मनमानीपूर्ण और राज्य सरकार के आदेशों के विरुद्ध' बताते हुए माननीय उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार को ज्ञापन प्रेषित कर निर्णय को तुरंत निरस्त करने की मांग की है। डॉ. सिंह ने कहा कि कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार शीतकालीन अवकाश पहले से निर्धारित है। ऐसे में अवकाश अवधि में परीक्षाएं आयोजित करना राज्य सरकार के निर्देशों की अवहेलना है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में परीक्षाएं कराने से कई व्यावहारिक समस्याएं पैदा होंगी। विद्यालयों में भी इसी समय अवकाश होने के कारण बाह्य वीक्षकों की उपलब्धता पर असर पड़ेगा। वहीं दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ शिक्षकों की पूर्व-निर्धारित अवकाश योजनाएं प्रभावित होंगी, जिससे परीक्षा संचालन व्यवस्था बाधित हो सकती है। रुक्टा ने यह भी कहा कि शीतकालीन अवकाश में कार्य कराने के एवज में उपार्जित अवकाशों का नहीं मिलना शिक्षकों के साथ अन्याय है। संघ के अनुसार यह निर्णय शिक्षकों को अवकाश अवधि में कार्य के लिए बाध्य करने वाला, निरंकुश एवं दमनकारी है, जिससे शिक्षक-मनोरथ और मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। संघ ने मांग की है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा समय-सारिणी पर पुनर्विचार कर परीक्षाएं शीतकालीन अवकाश से पूर्व या पश्चात निर्धारित तिथियों में ही आयोजित की जाएं, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारु और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग से आग्रह किया गया है कि सभी विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया जाए कि भविष्य में शैक्षणिक कैलेंडर में दर्शाए गए अवकाशों को ध्यान में रखते हुए ही परीक्षा कार्यक्रम घोषित करें।

## अवैध वूसली को रोकने की मांग, एडीएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बीएड कॉलेज में अवैध रूप से रूपयों की वसूली अभ्यर्थियों से किए जाने के आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुजानगढ़ इकाई की ओर से एडीएम संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि चन्द्रशेखर महिला टीटी कॉलेज व टीटी कॉलेज में बिना किसी गाईड लाईन के ही विद्यार्थियों से जबरदस्ती एग्जाम फार्म जमा करवाने पर 820, इंटरशिप का रिलीव लेटर लेने पर 2 हजार और 36 सौ रूपए, प्रवेश पत्र लेने पर 6 सौ रू. एवं प्रवेश फार्म के 4 सौ रूपए लिए जा रहे हैं। जिसकी कोई भी रसीद नहीं दी जा रही है। पैसे नहीं जमा करवाने पर मानसिक रूप से परेशान किया जाता है। ज्ञापन पर एडीएम ने मामले की जांच का आश्वासन दिया। ज्ञापन



सौंपने के दौरान एबीवीपी के जिला संयोजक जयसिंह राठौड़, इकाई अध्यक्ष बच्चन सिंह जोधा, राजेश, राहुल, हर्ष, किशन, करण, अविनाश, सिद्धार्थ, अशोक, सुनील कुमावत आदि लोग मौजूद रहे।

## सोनियासर सुखराम में उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण का शुभारंभ



### भामाशाह माल सिंह ने दान की जमीन

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** तहसील क्षेत्र के गांव सोनियासर सुखराम में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए उच्च माध्यमिक विद्यालय के नए भवन निर्माण की नींव गुरुवार को विधिवत रूप से रखी गई। इस मौके पर ग्रामवासियों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।

### भामाशाह माल सिंह का बड़ा योगदान:

गांव के भामाशाह माल सिंह ने विद्यालय भवन निर्माण के लिए सवा बीघा भूमि दान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की है। भूमि का बाजार मूल्य लगभग 25 लाख रुपये आंका गया है, जो ग्राम विकास के लिए एक बड़ा योगदान माना जा रहा है। भूमि दान के बाद अब भवन निर्माण कार्य 2.20 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि से किया जाएगा। प्रारंभिक चरण के रूप में 2.20 लाख रुपये की लागत से नींव निर्माण का कार्य शुरू हुआ।

### शिक्षा विकास के नए युग की शुरुआत:

एडवोकेट जितु सिंह सोनियासर ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन के निर्माण के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कर दी गई है। नया भवन तैयार होने के बाद गांव के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में बड़ी सुविधा मिलेगी और उन्हें दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह भवन गांव के शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य देने का मार्ग प्रशस्त करेगा। विद्यालय निर्माण को लेकर गांव में काफी उत्साह देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह विद्यालय ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देगा और गांव के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा। ग्रामवासियों ने भामाशाह माल सिंह के योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। नींव रखने के अवसर पर सरपंच कुशाल सिंह, भामाशाह माल सिंह, प्रधानाचार्य राम हरि, विजय, हुलासचंद शर्मा, श्रवण नाथ, गणेश फोजी, सवाई सिंह, राम सिंह, नानू राम तर्ड, मनोज मेघवाल, गजानंद सुथार सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।


### रोज रोज लगने वाले जाम से परेशान हो गई थी आम अवाम

## उपखंड अधिकारी खुद जाम में फंसे तो हरकत में आया प्रशासन

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** सर्दी के मौसम को देखते हुए बुधवार को उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने जिला चिकित्सालय और रैन बसेरों का निरीक्षण किया। अस्पताल में हीटर, दवाइयों की उपलब्धता, वार्डों की साफ-सफाई सहित जरूरी सुविधाओं की समीक्षा की गई, जिन्हें उपखंड अधिकारी ने संतोषजनक बताया। लेकिन रैन बसेरा पहुँचने के दौरान एसडीएम स्वयं उस समस्या से रूबरू हुए, जिससे शहर की आम जनता रोज़ जूझ रही है। पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग और अस्थायी अतिक्रमण के चलते उनकी सरकारी गाड़ी जाम में फंस गई। इस दौरान उनके साथ अधिशाषी अधिकारी नवनीत कुमावत भी मौजूद थे। एसडीएम मीणा ने मौके पर ही शहर चौकी प्रभारी को बुलाया और अव्यवस्थित खड़े वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ और जाम खुलवाया गया। कार्रवाई की तत्परता की सराहना तो हुई, पर साथ ही शहरवासियों के मन में कई सवाल खड़े हो गए।






### जनता का सवाल: 'क्या हमारी आवाज़ सुनने वाला कोई नहीं? '

शहर के लोगों कहना है कि प्रशासन की सक्रियता तभी क्यों दिखती है जब किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि को परेशानी होती है? आमजन तो रोज़ इसी हालात से दो-चार होता है। चाहे चौपड़ बाजार से घंटाघर जाने वाला मार्ग हो, मुरली मनोहर मंदिर रोड हो या कबूतरिया कुआं से पक्की प्याऊ तक हर जगह जाम आम बात है। कबूतरिया कुआं क्षेत्र तो अघोषित पार्किंग ज़ोन बन चुका है। अवैध पार्किंग के चलते स्थानीय लोग आए दिन विवादों का सामना करते हैं। वहीं शहर का गौरव घंटाघर क्षेत्र अतिक्रमण की मार झेल रहा है। अस्थायी दुकानों के कारण वहां से चौपहिया वाहन तो क्या, कई बार एम्बुलेंस तक निकलना मुश्किल हो जाता है, जो जनजीवन की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

### सोशल मीडिया के जरिए करवाया अवगत, लेकिन अब तक नहीं हुई पक्की कार्रवाई

शहरवासी लंबे समय से सोशल मीडिया पर अव्यवस्थाओं को लेकर वीडियो और फोटो के जरिए शिकायतें दर्ज कराते आ रहे हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई का अभाव लोगों में निराशा पैदा कर रहा था। बुधवार को हुई कार्रवाई के बाद उम्मीद जगी है कि अब प्रशासन व्यापक स्तर पर इस समस्या को सुलझाने के लिए कदम उठाएगा।शहर के लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन नियमित और सख्त कार्रवाई शुरू कर दे, तो शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार संभव है। बुधवार की घटना ने यह साबित कर दिया कि समस्या गंभीर है, समाधान तत्काल चाहिए और अब जनता बदलाव देखना चाहती है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# एडवोकेट चिरंजी लाल भूरिया बने अभिभाषक संघ के निर्विरोध अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अभिभाषक संघ लक्ष्मणगढ़ के एडीजे कैंपस में हुए चुनाव में एडवोकेट चिरंजी लाल भूरिया को पुनः अभिभाषक संघ का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। भूरिया लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार इस पद पर निर्वाचित हुए हैं। कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट पंकज शर्मा भी निर्विरोध विजयी रहे।उपाध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में एडवोकेट नरेंद्र चेजारा ने 15 मतों से जीत दर्ज की, जबकि सचिव पद पर एडवोकेट अशोक ढाका मात्र एक वोट से विजयी रहे।एडवोकेट भूरिया के नेतृत्व में पूर्व में अधिवक्ताओं ने एडीजे कोर्ट लक्ष्मणगढ़ में खोलने की मांग को लेकर 84 दिनों तक हड़ताल की थी। इसी आंदोलन के दौरान भूरिया ने तीन दिन आमरण अनशन भी किया था, जिसके परिणामस्वरूप लक्ष्मणगढ़ में एडीजे कोर्ट को स्वीकृति मिली। चुनाव परिणामों के बाद अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल रहा

# धूम धड़ाका प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नया बास स्थित खेल स्टेडियम में धूम धड़का चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा धूम धड़ाका प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में कुल 11 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, भाजपा नेता एडवोकेट मनीष दाधीच, सेटलर ट्रस्टी बसंत बोरड़ ने किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने कहा कि खेल हमारे जीवन के प्रति आवश्यक हैं और खेलों से ही व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। लीग के संयोजक चंद्रकांत खुड़िया ने बताया कि सुजानगढ़, पड़िहारा, जसवंतगढ़ और लाडनूं की स्कूल की 9 टीमों के बीच शुक्रवार को 9 मैच खेले गए। इन 9 टीमों से 3 टीमों- विमल विद्या विहार (विजय टाइटंस), बाल भारती इंटरनल स्कूल (एलएमबी सुपर किंग्स) ने बेस्ट थ्री राउंड के लिए क्वालीफाई किया। इन तीनों टीमों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। गर्ल्स क्रिकेट मैच और डीडीएलपी सीजन 2 का फाइनल शनिवार को खेला जाएगा। सेटलर ट्रस्टी बसंत बोरड़ ने बताया कि टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण हुआ, जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, विनोद सेन, परमेश्वर गुर्जर, वैभव सर्राफ, नितिन बोरड़, योगेश जोशी, पंकज यादव और दिनेश गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** खाटूश्यामजी में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियाँ जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में अधिवेशन की पूर्व तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक शुक्रवार को सीकर के राधाकिशनपुरा स्थित वंदेमातम चौराहे पर राम-लखन निवास में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सम्मेलन के सीकर जिला चेयरमैन अमित चिराणिया ने की।युवा प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश महामंत्री व लक्ष्मणगढ़ निवासी संदीप बजाज ने बताया कि प्रस्तावित अधिवेशन में तीनों इकाइयों के पदाधिकारी, सदस्य, समाज के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों को जिम्मेदारियाँ सौंप दी गई हैं।तैयारी समीक्षा बैठक में सीकर जिला अध्यक्ष अनिल तोदी, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला, जिलामंत्री मणिशंकर खेतान, जिला युवा अध्यक्ष लोकेश हाजरिका, युवा प्रदेश मंत्री शुभम मोदी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जाजोदिया और महिला जिला अध्यक्ष किरण खेतान सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और आवश्यक सुझाव दिए।चेयरमैन अमित चिराणिया ने सभी उपस्थित सदस्यों से अधिवेशन की सफल आयोजन के लिए पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

# लोगो को दी साइबर क्राईम के बारे में जानकारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्याय आपके द्वार अभियान के तहत पी एल वी अशोक तिवाड़ी ने भोजलाई बास में साइबर क्राईम के बारे में जानकारी दी। मोहल्लेवासियों ने कहा कि टूटी सड़क, सिवरेज के जगह-जगह खुले टूटे पड़े चैम्बर, आम जनता के लिए परेशानी बन गए हैं। अतः इस समस्या का समाधान होना चाहिए। लोगों ने बताया कि पास में ही एफसीआई गोदाम में सौ दिनों से गेहूं सड़ रहा है, लेकिन कोई समस्या का समाधान करने वाला नहीं है।

# विधायक मेघवाल ने किया साढ़े 4 करोड़ के स्कूल भवन का शिलान्यास

## 2 घंटे तक धूप में तपते रहे विद्यार्थी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुलिया बास के साढ़े चार करोड़ की लागत से बनने वाले दो मंजिला नवीन भवन का शिलान्यास विधायक मनोज मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल, निवर्तमान प्रधान मनभरी मेघवाल, सभापति नीलोफर गौरी, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, उप सभापति अमित मारोठिया ने किया। मंत्रोच्चारण पंडित विजय शंकर मिश्रा और शिक्षक पुष्पेन्द्र भाटी ने पूजा अर्चना की। इस दौरान कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, पार्षद मनोज पारीक, दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, पंकज घासोलिया, धन्नी देवी मेघवाल, इकबाल खान कायमखानी, मो सफी खान, कमल दाधीच, सीबीईओ सुनीता पूनिया, एसीबीईओ मंजू पंवार, प्रधानाचार्य प्रमिला कुमारी, शीशपाल सिंह आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि शिक्षा से देश और समाज का भविष्य तय होता है और शैक्षणिक सुविधाओं के विकास के लिए मैं कृत संकल्पित हूं। उन्होंने कहा कि कालांतर में सरकरों ने शिक्षा के लिए प्रयास किए, जिससे शिक्षा का प्रतिशत बढ़ पाया। मेघवाल ने कहा बच्चें को अच्छे माहौल में शिक्षा मिले, ऐसे हमारे प्रयास होने चाहिए। भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने कहा कि हमारी सरकारी विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने भी विचार प्रकट किए। प्रधानाचार्या प्रमिला कुमारी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश तूनवाल, गोपाल प्रजापत, गोपाल लाटा, झुंझारमल प्रजापत, बालचंद प्रजापत, हरि गोदारा, पुष्पेन्द्र भाटी, सालगाराम, चतर सिंह, रामगोपाल शर्मा, कमला, प्रकाश, ज्योति ने पुष्प हार व साफा पहना कर अतिथियों का स्वागत किया। राजकुमार चोटिया ने नगरपरिषद से गंदे पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण करवाने तथा विधायक मनोज मेघवाल से स्कूल की गली में सड़क एवं नालियों का निर्माण करवाने की मांग की। इस दौरान आर पी कुमार भारती, राजकुमार, मंजू महावर, अब्दुल लतीफ, लीला, राकेश शर्मा, जाकिर हुसैन, नूर मोहम्मद खान, बाबू खान नेताजी, सलीम मास्टर, गोपाल लाटा, रामेश्वर खीचड़, विद्याधर मेघवाल, इरशाद गौरी, विमला प्रजापत, विमला चोटिया, तारामणि चोटिया, प्रियंका प्रजापत, मंजू प्रजापत, संतोष स्वामी, संतोष प्रजापत, लिक्ष्मी प्रजापत, कमला प्रजापत, ममता प्रजापत सहित अनेक मौहल्ले वासी, शिक्षक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन धर्म सिंह मीणा ने किया।

## पूरे कार्यक्रम में धूप में बैठे रहे विद्यार्थी

कार्यक्रम की खास बात ये रही कि शिलान्यास के लिए अतिथियों के आने से पहले की स्कूल के विद्यार्थियों को धूप में बिठा दिया गया था। हालांकि मौसम सर्दी का है, लेकिन धूप तेज होने के कारण विद्यार्थी खासे परेशान नजर आए और उनको करीब दो घंटे तक धूप में ही बैठे रहना पड़ा। कार्यक्रम में सारे के सारे अतिथि मंच पर छाया में बैठे रहे। इसी प्रकार मंच के सामने बच्चों के पास ही कुर्सियां लगाई गई। लेकिन उन पर कोई नहीं बैठा और बाकी के शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चों के पीछे स्थित एक घर की छाया में बैठे रहे। कुल मिलाकर कहें, तो पचास साल वाले लोगों को एक बार भी बच्चों का ख्याल नहीं आया कि बच्चे धूम में बैठे हैं और परेशान हो रहे हैं। बच्चे शिक्षकों का आदेश मानने के लिए बाध्य हैं और उनको दो घंटे तक धूम ही बैठाए रखा गया।

# सड़क निर्माण नहीं, दी धरने की चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लिखित आश्वासन के बाद भी सड़क निर्माण नहीं होने पर नगरपरिषद के सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल को कॉमरेड जगदीश नाथ ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड न. 5 लालजी सांखला के घर से कालूराम खाती के घर तक सड़क निर्माण कार्य करवाने के लिए कई बार ज्ञापन दिए गए और धरना दिया गया। जिसके बाद धरना पर आकर नगरपरिषद की ओर से लिखित में आश्वासन देकर एक माह में सड़क निर्माण की बात कही गई थी। लेकिन आज दिन तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो 22 दिसम्बर को फिर से धरना शुरू कर दिया जाएगा।

## काजी बिरादरी के होनहार छात्र छात्राओं को सम्मानित करेंगी काजी वेलफेयर सोसायटी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** काजी वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कादिर हुसैन ने बताया कि 14 दिसम्बर को काजी वेलफेयर सोसायटी की ओर से प्रथम राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सीकर में ख्वाजा गरीब नवाज अस्पताल व नर्सिंग कॉलेज के आडिटोरियम में कर रहे है। जिसमें मुख्य अतिथि हिदायत खान धोलिया पुर्व चैयरमेन राजस्थान मदरसा बोर्ड जयपुर, मुख्य वक्ता खादिम हुसैन खत्री, अध्यक्षता डॉ कादिर हुसैन, विशिष्ट अतिथि में डॉ परवीन बानू सहायक प्रोफेसर, अहमद अल्काजी, आज़म सदीक काजी, रज्जब अली चौहान, समीर खत्री, सलीम खान सहायक निदेशक अभियोजन विभाग, डॉ शौकिन अली, रुखसाना बानू उपसभापति नगर पालिका उदयपुरवाटी रहेंगे।वकाजी वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश सचिव शिक्षाविद् खादिम हुसैन खत्री ने बताया कि प्रथम प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में 270 छात्र छात्राओं के साथ साथ समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। शाम को काजी वेलफेयर सोसायटी की प्रबंधकारिणी की मीटिंग केजीएन अस्पताल एवं नर्सिंग कॉलेज फतेहपुर रोड़ सीकर में हुई जिसमें सम्मान समारोह से सम्बंधित विस्तार से चर्चा हुई। इस मीटिंग में डॉ कादिर हुसैन, खादिम हुसैन खत्री, रज्जब अली चौहान, मुकारब अली खत्री, असलम अली चौहान, रुस्तम अली कांट, मनवर अली चौहान आदि उपस्थित रहे।

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
सरदारशहर आगार, जीवीएन रोड़, पुलिस थाने के सामने, सरदारशहर-331403

**निविदा - सूचना**

**केन्टीन स्टॉल लाइसेन्स पर लेने का सुनहरा अवसर**

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि रोड़वेज केन्द्रीय बस स्टेण्ड, सरदारशहर पर निम्नलिखित केन्टीन स्टॉल के आवंटन हेतु सील बंद लिफाफे में निविदाऐं इच्छुक निविदादाताओं से खुली निविदा द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है :–

| क्र. सं. | स्टॉल नं. | निविदा शुल्क (GST सहित) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र एवं शर्ते प्राप्त करने की तिथि व समय | निविदा जमा करवाने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 236 | 10,000 | 09.12.2025 से 19.12.2025 13.00 PM | 19.12.25 14.00 PM | 19.12.2025 15.00 PM |
| 2. | 3 | 236 | 10,000 | 09.12.2025 से 19.12.25 13.00 PM | 19.12.202514.00 PM | 19.12.2025 15.00 PM |
| 3. | 4 | 236 | 10,000 | 09.12.25 से 19.12.25 13.00 PM | 19.12.25 14.00 PM | 19.12.2025 15.00 PM |
| 4. | 6 | 236 | 10,000 | 09.12.25 से 19.12.25 13.00 PM | 19.12.25 14.00 PM | 19.12.2025 15.00 PM |
| 5. | 8 | 236 | 10,000 | 09.12.25 से 19.12.25 13.00 PM | 19.12.25 14.00 PM | 19.12.2025 15.00 PM |
| 6. | 10 | 236 | 10,000 | 09.12.25 से 19.12.25 13.00 PM | 19.12.25 14.00 PM | 19.12.2025 15.00 PM |
| 7. | 14 | 236 | 10,000 | 09.12.25 से 19.12.25 13.00 PM | 19.12.25 14.00 PM | 19.12.2025 15.00 PM |
| 8. | सरस बूथ (6x6) | 236 | 10,000 | 09.12.25 से 19.12.25 13.00 PM | 19.12.25 14.00 PM | 19.12.2025 15.00 PM |

प्राप्त निविदाओं को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जाऐगा। सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा पत्र के साथ निर्धारित धरोहर राशि 10,000 रू. (दस हजार रू. मात्र) नगद या डी.डी. मुख्य प्रबंधक सरदारशहर आगार के नाम जमा करानी होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा प्रपत्र/फार्म निर्धारित दिनांक तक इस कार्यालय से ही प्राप्त कर इसी कार्यालय में जमा करवाये जाने है।

**निविदा देने पर शर्ते निम्न प्रकार है –**

- निविदादाता को टेण्डर खोलने के समय उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
- प्रस्तावित अधिकतम लाईसेन्स फीस मंजूर होने पर निविदादाता को उसी दिन निगम कोष में तीन माह की लाईसेन्स फीस की राशि के बराबर सुरक्षा/धरोहर राशि जमा करानी होगी।
- आवंटित को रू0 500/– के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र आदि भरकर निगम नियमानुसार लीगल कार्यवाही करनी होगीं।
- आवंटित मासिक लाईसेन्स शुल्क के बराबर 12 अग्रिम दिनांक के चैक देने होगे। नाम–पते प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज देने होंगे।
- बकायादार स्टॉलधारी का टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोटः– उक्त निविदा सूचना के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी वेबसाईट **www.sppp.raj.nic.in or /http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc** पर देखी जा सकती है। **UBN : RTC2526SSOB00661**

राज.संवाद/सी/25/15679 — **विज्ञापन संख्या 306/2025-26** — **मुख्य प्रबन्धक**

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT GHASIPURA P.S. PATAN (SIKAR)**

S.No. 56 DATE : 12-12-2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 12-12-2025, 09:30 AM to 19-12-2025, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp. raj. nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 500000/-

UBN No. PKP2526WSOB000223-225

**PRASHASHAK GP GHASIPURA** — **VDO GP GHASIPURA**

# बीदासर अभिभाषक संघः किशन लाल भादू बने अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** सिविल न्यायालय परिसर में शुक्रवार को बीदासर अभिभाषक संघ के चुनाव सौहार्दपूर्ण माहौल में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट ज्ञानाराम चौधरी, सहायक अधिकारी एडवोकेट लालचंद जाट व एडवोकेट रिजवान बागोट की देखरेख में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ की गई। जिसमें अध्यक्ष किशनलाल भादू, सचिव गोवर्धन सिंह, उपाध्यक्ष दीनदयाल प्रजापत,कोषाध्यक्ष सज्जन चोटियां, सह सचिव हनुमान प्रसाद गोयल, पुस्तकालय अध्यक्ष परमानंद बिजारणियां को सर्वसहमति बनाया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानाराम चौधरी, रघुवीर भामूं और मोहम्मद शाहिद सोलंकी को संरक्षक मंडल सदस्य बनाया गया। चुनाव के बाद आयोजित शपथग्रहण समारोह में सिविल न्यायाधीश सरिता कायथ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। सहायक चुनाव अधिकारी लालचंद जाट ने सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य चुनाव अधिकारी ज्ञानाराम चौधरी व सहायक अधिकारी रिजवान बागोट ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्तामौजूद रहे, जिनमें एडवोकेट अरविंद चौधरी, महेश कुमार छापोला, आमीन शेख, भगवानाराम धेतरवाल, मनोज गोदारा, गौतम सैनी, तिलोक पिलानियां, पंकज कुमार गुसाईंवाल, अख्तर सोलंकी, गोविंद राम मेघवाल, ईरफान सोलंकी, विकास गौड़, सलमान भुट्टा, श्रीराम सुथार, वसीम कानूनीया, गोविंद राम जाखड़, राजकुमार ढाका, जगदीश प्रजापत, अफजल मुगल, सुनील शर्मा, रजतराज शर्मा, करण भार्गव, धर्मराज माचरा सहित अनेक अधिवक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट आरती डूंखवाल ने किया

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**
Email-, msdbhchuru@gmail.com — Phone- 01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/3602 — दिनांकः- 9/12/2025

**खुली नीलामी बोली सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्जरी ऑटी में सिस्टोस्कॉप एवं सहायक इंस्ट्रूमेंट क्रय हेतु | 9.00 लाख | 19-12-2025 | MHS2526GSOB05389 |
| 2 | कम्प्यूटर डैस्कटॉप सेट क्रय हेतु | 9.00 लाख | 19-12-2025 | MHS2526GSOB05390 |
| 3 | फेको मशीन (Optikon pulsar minimal stress) हेतु Consumable Item क्रय हेतु | 3.20 लाख | 19-12-2025 | MHS2526GSOB05391 |

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

**Executive Engineer, Public Health Engineering Department, City Div-I(north), Panipech, Jaipur**
Sr.No. 1835-42 — Date: 09/12/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Provision of Roof waterproofing, Rooms Repair and miscellaneous civil work at the chief Engineer's Office PHED, Jaipur. are invited from interested bidders upto 02:00 PM Date 19.12.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs 4.97 Lacs
UBN:- PHE2526WSOB09606

**(Vikas Sharma)**
**Executive Engineer PHED,**
**City Div-I(north),**
**Panipech, Jaipur**

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय निदेशक, पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान जयपुर**
(दूरभाष नं. 0141-2820360, email-dirarch@rajasthan.gov.in)
क्रमांक पु.सं./स्मा./जैम्स एंड ज्वैलरी/आमेर/2025/17883 — दिनांक :-

**निविदा सूचना**

राजकीय संग्रहालय व महल आमेर में पर्यटकों की सुविधार्थ जेम्स एंड ज्वैलरी की उपलब्धता एवं संचालन के लिए इच्छुक और पात्र कंपनी / फर्म / व्यक्तियों / से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली का विस्तृत विवरण http//museumsrajasthan.rajasthan.gov.in, http// eproc.rajasthan.gov.in & http//sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
AMD2526SLOB00084

**निदेशक**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**
Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in
No:- 2410-2423 — Date :-08.12.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 35/2025-26 Annual Rate Contract for Maintenance of Tube Wells in Urban Area under the jurisdiction of PHED city Sub Division Churu, Division Churu and Nit no 36/2025-26 Rate Contract for Removing of Leakages of Pipe Line, Choke Removing & Water Connection Shifting at various WSS under Ratannagar section urban and rural.PHED churu are invited form interested bidders upto 16-12-2025 (17:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal.http://sppp.rajasthan.gov.in, http:// sppp. rajasthan. gov. in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 35/2025-26 Rs. 40.00 Lacs. and Nit no 36/2025-26 Rs. 05.00 Lacs.
UBN No. PHE 2526 WSRC09539 RS 40.00 Lacs.
UBN No. PHE 2526 WSRC09540 RS 05.00 Lacs.

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

**भारती किरोड़ीवाल**
**एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर चूरू (राजस्थान)**
मोबाइल नं. 9461130613
**Office Address- White House Shekavat Colony Ward No. 14, Churu (Raj.)**
Ref. No.N/ 2025 — Date : 12-12-2025

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि दिनांक 12.11.2025 को भादर राम पुत्र मोहन राम उम्र 76 वर्ष, महावीर प्रसाद पुत्र दूलीचन्द उम्र 78 वर्ष, रेवन्तराम पुत्र मोहन राम उम्र 65 वर्ष, विमला देवी पत्नी दूलीचन्द उम्र 65 वर्ष, सांवरमल पुत्र दूलीचन्द जातिगण महाब्राम्हण निवासीगण ग्राम घण्टेल तहसील व जिला चूरू (राज.) ने मेरे मुवक्किल सांवरमल पुत्र सुरेश कुमार जाति ब्राम्हण निवासी झारिया के नाम एक मुख्तयारनामा बाबत कृषि भूमि वाका ग्राम झारिया खसरा नं. 188 बारानी 0.7082 भूमि का समस्त कानूनी कार्य, देखभाल, विक्रय आदि करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सोंप दी है। आम मुख्तयारनामा सार्वजनिक किया जा रहा है किसी भी व्यक्ति / विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में सम्पर्क करें।

**भवदीय**
**भारती किरोड़ीवाल**
**एडवोकेट, चूरू**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
13 दिसम्बर, 2025

## घांघू के शूटर मैत्रेय ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप तीन श्रेणियों में किया क्वालीफाई

जयपुर टाइम्स

**घांघू(निस)।** घांघू के शूटर कुमार मैत्रेय ने भोपाल की मध्यप्रदेश स्टेट शूटिंग एकेडमी में चल रही 68 वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप की 10 मीटर राईफल शूटिंग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सब यूथ, यूथ और जूनियर श्रेणियों में नेशनल क्वालीफाई किया है। इससे पूर्व पिछले साल भोपाल में हुई नेशनल चैंपियनशिप में मैत्रेय ने सब यूथ और यूथ श्रेणी में नेशनल क्वालीफाई किया था। उल्लेखनीय है कि मैत्रेय घांघू ग्राम पंचायत प्रशासक विमला देवी और पूर्व जीएसएस अध्यक्ष परमेश्वर लाल दर्जी के पौत्र हैं। मैत्रेय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच करणवीर सिंह, अपने पिता कुमार अजय, माँ पूजा को दिया है। चूरू केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 10 के विद्यार्थी मैत्रेय फिलहाल चूरू जिला स्टेडियम स्थित चिंकारा शूटिंग रेंज में अभ्यास कर रहे हैं। मैत्रेय ने बताया कि उनका सपना देश के लिए खेलने और मेडल जीतने का है। उन्होंने बताया कि भोपाल में चल रही चैंपियनशिप में चूरू की चिंकारा शूटिंग रेंज के खिलाड़ी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मैत्रेय की सफलता पर घांघू के ग्रामीणों, खेलप्रेमियों, शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।




## गंदे पानी से निजात दिलाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** रेलवे फाटक संख्या तीन के पास आम सड़क पर नाले का पानी एकत्रित हो जाने की समस्या से परेशान लोगों ने उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक को ज्ञापन सौंपा है। तेजपाल गोदारा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि रेलवे फाटक संख्या तीन के सामने मैन रोड़ पर हमेशा गंदा पानी जमा़ रहता है और यहां पर सड़क टूट गई है। जबकि दिनभर इस कीचड़ भरी सड़क से प्रशासन के सारे अधिकारी गुजरते हैं, फिर भी किसी को नजर नहीं आता। जबकि पैदल राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है। इसी प्रकार बड़े बुजुर्गों को काफी दिक्कत होती है। तहसीलदार ने ज्ञापन नगरपरिषद को भेजकर जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सिराज खान कायमखानी, जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, पूनमचंद मेघवाल, गंगाधर मूंड, राजेश कुमार, सत्यनारायण सांखला, सोहिल गोपलपुरिया, साबिर अली चौहान, कमल दर्जी, गजानंद प्रजापत आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियारों के खिलाफ तारानगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### 315 बोर अवैध देशी कट्टे सहित युवक को किया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ जारी विशेष अभियान के दौरान अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी कार्यवाही की है। डीएसपी रोहित सांखला ने बताया कि चूरू एसपी जय यादव के निर्देशन में तारानगर पुलिस टीम जिसमें थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई, एएसआई सुमेर सिँह मीणा, काँस्टेबल दिलावर सिंह, बलवान एवं आईजी स्पेशल टीम के नरेश कुमार आदि ने राजगढ़ के वार्ड 2 निवासी राहुल उर्फ़ टोकणीया को 315 बोर अवैध देशी कट्टे सहित गिरफ्तार कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। सांखला ने बताया कि एसपी जय यादव के निर्देशन पर चूरू पुलिस अपराधो शिंकजा कस रही है।

## श्रीराम कथा का समापनः राम राज्याभिषेक प्रसंग से गूंजा कथा स्थल

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ब्रह्म बगीची स्थित शिव मन्दिर में मंगलवार को नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन और राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाया गया, जिससे पूरा कथा स्थल 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु झूम उठे। आरती के समय भी भक्त भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए। कथा व्यास प्रयागराज के आचार्य वेद दास महाराज ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन जनकल्याण और सनातन धर्म के प्रति आस्था को मजबूत करने के लिए होते हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में भी धर्म और संस्कृति के प्रति गहरी रुचि बढ़ रही है, जो समाज के लिए एक शुभ संकेत है। राज्याभिषेक प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर पुष्प वर्षा की गई। राजतिलक के समय श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की आराधना के साथ जयघोष गूंज उठा। दीपों की रोशनी, शंखनाद और घंटाध्वनि से वातावरण आलोकित हो गया । श्रद्धालु भावविभोर होकर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का अनुभव करते हुए झूम उठे। बच्चों से लेकर वृद्धों तक सभी ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर इस उत्सव को मनाया। अंत में आरती के साथ श्रीराम कथा का समापन हुआ, जिसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को प्रसाद वितरित किया।




# महिला सफाई कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार पर लामबंद हुए सफाई कर्मचारी

### 3 युवको पर अश्लील हरकतें व अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के रोडवेज बस स्टैंड के सामने की गली में सफाई महिला कर्मचारियों के साथ तीन युवको पर अश्लील हरकतें करने और अभद्रता करने का आरोप लगा है। घटना के बाद बड़ी संख्या में महिला और पुरुष सफाई कर्मचारी और वाल्मीकि समाज के लोग पुलिस थाने पहुंचे और तीनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की है। रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार शाम करीब 4 बजे कुछ महिला सफाई कर्मचारी रोडवेज बस स्टैंड के सामने गली में सफाई का कार्य कर रही थी। इसी दौरान धनराज भाट, गौरीशंकर भाट और मुकेश मीणा द्वारा सफाई कार्य कर रही महिला कर्मचारियों के साथ छेड़छाड़ की और जाति सूचक भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि हमारे साथ होटल में चलो हम पैसे देंगे और जाति सूचक गालियां निकाली। जब सफाई कर रही महिला कर्मचारियों ने बाकी सफाई कर्मचारियों को इस बात की सूचना दी तो बाकी सफाई कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। सफाई कर्मचारियों ने पुलिस को रिपोर्ट देकर कारवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामले में कारवाई शुरू कर दी है। वहीं सफाई कर्मचारियों के अध्यक्ष जितेंद्र जेदिया ने बताया कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो शनिवार सुबह से सभी सफाई कर्मचारी कार्य बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर उपस्थित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने इस घटना का विरोध करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## लक्ष्मणगढ़ में एसएफआई इकाई सम्मेलन आयोजित

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजकीय महा विद्यालय लक्ष्मणगढ़ में शुक्रवार को एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) का इकाई सम्मेलन उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। तहसील सचिव गोपाल बागड़ी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र ढाका मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ एसएफआई के पूर्व तहसील अध्यक्ष विद्याधर ढुकिया, जिला उपाध्यक्ष बीजू चाचीवाद, गरिमा चौधरी तथा कदीर खान ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन का संचालन विद्याधर ढुकिया द्वारा किया गया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र ढाका ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा के क्षेत्र में फीस वृद्धि व नई शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने छात्रों से एकजुट होकर इन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की।सम्मेलन में कॉलेज की खेल सुविधाओं, लाइब्रेरी तथा अन्य मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी दिनों में महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।सम्मेलन के अंत में 35 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसमें 13 सदस्यीय सचिव मंडल का चुनाव भी हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंकित चेजारा, सचिव भावना स्वामी तथा उपाध्यक्ष संदीप मण्डीवाल, कमलदीप, अनुष्का, प्रदीप व निकिता चुने गए। सहसचिव पद पर कृष्णा खींची, संदीप शिवरान, तुलसी, निकिता चौधरी, निखिल गोदारा और सुमैया जादू का चयन किया गया। वहीं सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अलवीरा को सौंपी गई।इसके अलावा मोनिका, प्रियंका, अमन, आशीष, कोमल जांगिड़, अनुप्रिया, अदिति ढाका, हितेश सेनी, कोमल महिमा, योगिता, कोमल कंवर, परमेश्वर लाल सहित कई अन्य विद्यार्थियों को समिति सदस्य बनाया गया।

## सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवागंतुक विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। संस्था सचिव ओमप्रकाश सैनी ने सभी का स्वागत किया और शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रो पीके पद्यण्डिया ने सभी नवीन विद्यार्थियों को अपने जीवन के सपनों को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से मेहनत करने का आह्वान किया। बीएड द्वितीय वर्ष प्राचार्य डॉ लोकेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी को आशीर्वाद वचन दिया। माया ने पंजाबी नृत्य, हेमलता ने गजल और विपिन शर्मा ने गिटार वादन करते हुए गायन की प्रस्तुति दी। भावना राठौड़ ने राजस्थानी नृत्य, डिंपल ने मिश्रित गानों पर नृत्य तथा पूजा ने पंजाबी नृत्य पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मिस फ्रेशर सुमन और मिस्टर फ्रेशर विकास स्वामी को चयनित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राधिका शर्मा और भावना राठौड़ ने किया। इस अवसर पर हरिप्रसाद प्रजापत, रोहित कुमार सैनी, चंदनमल सैनी, विकास सैनी, गायत्री पांडिया, कविता शर्मा, नेहा भोजक, गौतम भोजक, अरुणा जांगिड़, विनोद सेन, मोहित सैनी, गणेश दास स्वामी, भागीरथ, चंपालाल मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

## शांति पैलेस होटल में संचालित हो रही थी अवैध गतिविधियां, 8 गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई पिछले दो महीना से शहर में स्थित होटल में संचालित होने वाली अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार एक्शन में दिख रहे है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शहर के रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित शांति पैलेस होटल में चल रही अनैतिक गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए नाहरसरा निवासी 48 वर्षीय ओमप्रकाश सहारण पुत्र गणेशाराम सहारण, आडसर निवासी 31 वर्षीय कृष्ण नायक पुत्र सुल्तान नायक, खेजड़ा निवासी 28 वर्षीय पतराम मेघवाल पुत्र रेवंतराम मेघवाल, बंधनाऊ निवासी 22 वर्षीय सुरेंद्र नायक पुत्र रामप्रताप नायक, बंदनाऊ निवासी 23 वर्षीय सुरेश नायक पुत्र श्रवण कुमार नायक, हरियाणा निवासी 49 वर्षीय प्रवीण पुत्र बालकिशन नाई, दिल्ली निवासी 40 वर्षीय शोभा देवी पत्नी हरीबाबू ओर बिहार निवासी 23 वर्षीय आल्या खान पुत्री मोहम्मद शहीदरजा अंसारी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि शहर के होटल में संचालित हो रही अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में सूचना मिलने पर शहर के शांति पैलेस होटल पर दबिश दी गई तो पाया गया कि वहां पर अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है। जिस पर पुलिस ने कुल आठ जनों को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी ने बताया कि सभी होटल संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी होटल में अवैध गतिविधियों का संचालन होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सुजानगढ़ अभिभाषक संघ की नई कार्यकारिणी का भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अभिभाषक संघ के स्थानीय चुनाव बिना मतदान के निर्विरोध सम्पन्न हो गए और विजेता पदाधिकारियों का स्वागत समारोह बार रूम में आयोजित किया गया। चुनाव अधिकारी एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत ने अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट सूरजमल यादव के निर्वाचित होने की घोषणा की। उसके बाद सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मधु चोबदार, दशरथसिंह राठौड़ ने उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप कठातला, सचिव पद पर एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, संयुक्त सचिव पद पर महावीर सिद्ध, कोष सचिव पद पर ओमप्रकाश शर्मा, पुस्तकालय सचिव पद पर किसनलाल शर्मा के निर्वाचित होने की घोषणा की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश पारीक, अशोक पारीक, संतोष प्रजापत, भंवरलाल शर्मा, बनवारीलाल खीचड़, सुरेश कुमार शर्मा, कुंभाराम आर्य, निवर्तमान अध्यक्ष गोवर्धनलाल चौधरी, नरेश सोनी आदि ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए वकीलों की एकता पर बल दिया और बार कोंसिल राजस्थान के सदस्य के रूप में एडवोकेट गजेंद्रसिंह के लिए आगामी दिनों में वोट करने की अपील की। इसके बाद सभी पदाधिकारियों को फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट सलीम खां मोयल, बसंती खेतान, रजनीकांत सोनी, इमरान खान, प्रियांशु लड़ा, डॉ. करणीदान चारण, मोहम्मद दयान खान, बाघाराम गुलेरिया, हरीप्रसाद दाधीच, बाबूलाल बोहरा सहित अनेक वकील मौजूद रहे। इस अवसर पर नव अध्यक्ष सूरजमल यादव ने कहा कि वकीलों की एकता और वकीलों के हित के लिए कार्यकारिणी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा।

## श्री सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर का वार्षिक उत्सव 26 को

**जयपुर टाइम्स/मंडावा(निस)।** फतेहपुर रोड स्थित श्री सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर का वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश सेवा समिति मंडावा के अध्यक्ष सुशील लुहारूवाला ने बताया कि 26 दिसंबर को मंदिर परिसर में दोपहर 2 बजे से भंडारा शुरू होगा और रात्रि में 9 बजे से झारिया धाम के संत श्री आकाशनाथ जी महाराज की ओर से भजन संध्या का आयोजन होगा।

# सभी अधिकारी रहे मुस्तैद, समयबद्ध ढंग से हों आयोजनः सुराणा

### जिला कलक्टर ने वीसी के जरिए सभी उपखंड अधिकारियों को प्रदेश सरकार के 02 वर्ष के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर दिए समुचित निर्देश

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार से वीसी के जरिए सभी उपखंड अधिकारियों व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के समयबद्ध आयोजन को लेकर समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी मुस्तैद रहें तथा समयबद्ध ढंग से सभी आयोजन सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से प्रस्तावित सभी कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित समय, गुणवत्तापूर्ण ढंग से और पूर्ण समन्वय के साथ किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को मुस्तैद रहते हुए कार्यक्रमों के लिए स्थान, जनसंपर्क, आवश्यक सुविधाएं, जन सहभागिता तथा सुरक्षा आदि माकूल व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए। सुराणा ने कहा कि प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रथों की रवानगी के बाद विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार आयोजन सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का संवेदनशीलता से निर्वहन करें। निर्देशानुसार समस्या समाधान शिविरों में आमजन की समस्याओं को सुनें और समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें। उन्होंने कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग, फीडबैक प्राप्त करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित समाधान पर जोर दिया। उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रम 13 दिसंबर को सड़क सुरक्षा अभियान, 14 दिसंबर को स्वच्छता कार्यक्रम, 15 दिसंबर को रक्तदान शिविर, टीकाकरण व गौसेवा कार्यक्रम, 16 दिसंबर को जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी व ?राजकीय कार्यालयों में सफाई अभियान, 17 दिसंबर को ग्रामीण व शहरी ?सेवा शिविरों के फॉलोअप शिविर 'समस्या समाधान शिविर' का शुभारंभ, 18 दिसंबर को महिला सम्मेलन, 19 दिसंबर को किसान सम्मेलन, 21 दिसंबर को रन फॉर विकसित राजस्थान, 22 दिसंबर को युवा – रोजगार दिवस, 23 दिसंबर को पर्यावरण संरक्षण अभियान व सुशासन दिवस, 24 दिसंबर को एक जिला एक पर्यटन स्थल 'सालासर' में सफाई अभियान व पर्यटन कॉन्क्लेव तथा 25 दिसंबर को सुशासन दिवस कार्यक्रम को लेकर समुचित निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी सुनील कुमार सहित अन्य मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय जुड़े रहे।